रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 508] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 18, 2018/अग्रहायण 27, 1940
No. 508] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 18, 2018/AGRAHAYANA 27, 1940

प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक

(मुख्य कार्यालय, बल्लारि)

अधिसूचना

बल्लारि, 26 अक्तूबर, 2018

सं. प्र.कृ.ग्रा बैंक/ सेवा(संशोधन) विनियम, 2018.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 30 के साथ पठित धारा 17(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** के निदेशक बोर्ड से **केनरा बैंक** जो प्रायोजक बैंक है, और राष्ट्रीय बैंक से परामर्श करने के पश्चात् और केंद्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी सेवा विनियम, 2013 (विनियम के प्रकाशन का वर्ष) का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा (संशोधन) विनियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम, 2018 (विनियम के प्रकाशन का वर्ष) जिसे (इसके पश्चात् मूल विनियम कहा गया है) के विनियम-2 में खण्ड (ड) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड को अंत:स्थापित किया जाएगा अर्थात्:-

'(डक) "पेंशन विनियम" से **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2018 अभिप्रेत है;'।

3. मूल विनियम के विनियम, 71 में उप-विनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उप-विनियम को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(3) यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी पेंशन विनियम के विनियम 3 के उप-विनियम (1) के अंतर्गत पेंशन विनियम निधि का सदस्य बनने के विकल्प का चयन करता है और उक्त विकल्प का चयन करने के पश्चात् उक्त उप-विनियिम के अनुसार बैंक की भविष्य निधि के न्यास के द्वारा उपार्जित ब्याज सहित बैंक के संपूर्ण अंशदान को पेंशन विनियम के अंतर्गत गठित निधि को अंतरित करवाता है, पेंशन विनियम के द्वारा शासित होगा।

(4) मृतक कर्मचारी का परिवार, जो पेंशन विनियम के विनियम 3 के उप-विनियम (1) के अंतर्गत पेंशन विनियम निधि का सदस्य बनने के विकल्प का चयन करता है और उक्त विकल्प का चयन करने के पश्चात् उक्त उप-विनियिम के अनुसार राशि वापस करता है, पेंशन विनियम के द्वारा अभिशासित होगा।

(5) इस विनियम के उप-विनियम (1) से (4) में किसी बात के होते हुए, यदि कोई कर्मचारी जो 1 अप्रैल, 2018 को या इसके पश्चात् बैंक की सेवा में आता है, तो वह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के द्वारा शासित होगा।

स्पष्टीकरण- इस उप-विनियम के प्रयोजन हेतु राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (i) में परिभाषित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अभिप्रेत है।"

श्रीनाथ एच जोशि, अध्यक्ष

[विज्ञपन-III/4/असा./432/18]

टिप्पणी : मूल अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खण्ड 4, उप-खण्ड (i) में संख्यांक 56 तारीख 13.02.2014 के द्वारा प्रकाशित की गई थी।

PRAGATHI KRISHNA GRAMIN BANK

(HEAD OFFICE: BALLARI)

NOTIFICATION

Ballari, the 26th October, 2018

No. PKGB/Service (Amendment) Regulations, 2018.—In exercise of the powers conferred by section 30 of the Regional Rural Banks Act,1976 (21 of 1976) read with section 17(1) thereof the Board of Directors of **Pragathi Krishna Gramin Bank** after consultation with Canara Bank being the Sponsor Bank and the National Bank and with the previous sanction of the Central Government, hereby makes the following regulations to further amend the **Pragathi Krishna Gramin Bank** (Officers and Employees) Service Regulations, 2013 namely:-

1. (1) These regulations may be called **Pragathi Krishna Gramin Bank** (Officers and Employees) Service (Amendment) Regulations, 2018.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the **Pragathi Krishna Gramin Bank** (Officers and Employees) Service Regulations, 2013 (hereinafter referred to as principal regulations), in regulation 2, after clause (m), the following clause shall be inserted, namely:-

   '(ma) "Pension Regulations" means the **Pragathi Krishna Gramin Bank** (Employees') Pension Regulations, 2018;

3. In the principal regulations, in regulation 71, after sub-regulation (2), the following sub-regulations shall be inserted, namely:-

   "(3) An officer or employee exercising the option to become a member of the Pension Regulation Fund under sub-regulation (1) of regulation 3 of the Pension Regulations and after exercising the said option, refunding the amount by causing the trust of the Provident Fund of the Bank to transfer the entire contribution of the Bank along with the interest accrued thereon to the credit of the Fund constituted the Pension Regulations, in accordance with the said sub-regulation, shall be governed by the Pension Regulations.

4. The family of the deceased employees exercising the option to become a member of the Pension Regulation Fund under sub-regulation (1) of regulation 3 of the Pension Regulations and after exercising the said option, refunding the amount in accordance with the said sub-regulation, shall be governed by the Pension Regulations.

5. Notwithstanding anything contained in sub-regulations (1) to (4) of this regulation, any employee who joins the service of the Bank on or after the 1st day of April, 2018, shall be governed by the National Pension System.

Explanation.– For the purpose of this sub-regulation, the National Pension System means the National Pension System as defined in clause (i) of sub-section (1) of section 2 of Pension Fund Regulatory and Development Authority Act, 2013 (23 of 2013)."

SHREENATH H JOSHI, Chairman

[ADVT.-III/4/Exty./432/18]

Note: The principal notification was published *vide* number 56 dated 13.02.2014 in the Gazette of India, Extraordinary, Part III, section 4.

अधिसूचना

बल्लारि, 26 अक्तूबर, 2018

फा. सं. प्र.कृ.ग्रा बैंक/पेंशन विनियम, 2018.—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा 17 की उप-धारा (1) के साथ पठित धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** के निदेशक बोर्ड **केनरा बैंक** जो प्रायोजक बैंक है और नैशनल बैंक से परामर्श किए जाने के पश्चात् और केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति से निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात्:-

अध्याय I

प्रारंभ

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ-

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2018 है।

(2) इन विनियमों में जैसा अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित है, उसके सिवाय, ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं- (1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो –

(क) **"अधिनियम"** से प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) अभिप्रेत है;

(ख) **"बीमांकक"** का वही अर्थ होगा जो उसका बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 2 के खण्ड (1) में है;

(ग) **"औसत उपलब्धि"** से किसी कर्मचारी द्वारा बैंक में अपनी सेवा के अंतिम 10 माह के दौरान लिए गए वेतन का औसत अभिप्रेत है;

(घ) **"बैंक"** से अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत स्थापित **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** अभिप्रेत है;

(ड.) **"बोर्ड"** से बैंक का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत है;

(च) **"संतान"** से कर्मचारी की संतान अभिप्रेत है, जो यदि वह पुत्र है तो 25 वर्ष से कम आयु का है और यदि पुत्री है तो अविवाहित है और 25 वर्ष से कम आयु की है और बहुवचन में प्रयोग किए जाने पर इस संतान पद का अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा;

(छ) **"सक्षम प्राधिकारी"** का वही अर्थ होगा जो उसका **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम, 2013 में है;

(ज) **"अंशदान"** से बैंक द्वारा कर्मचारी की ओर से निधि में जमा की गई राशि अभिप्रेत है किन्तु इसके अंतर्गत ब्याज के रूप में जमा की गई कोई राशि शामिल नहीं है;

(झ) **"सेवानिवृत्ति की तारीख"** से उस माह की अंतिम तारीख अभिप्रेत है जिसमें कोई कर्मचारी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करता है या वह तारीख जिस दिन उसे बैंक द्वारा सेवानिवृत्त किया जाता है या वह तारीख जिस दिन कर्मचारी स्वैच्छा से सेवानिवृत्त होता है;

(ञ) **"कर्मचारी"** से बैंक की सेवा में नियोजित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है, चाहे वह पूर्णकालिक कार्य के लिए स्थायी आधार पर या अंशकालिक कार्य के लिए स्थायी आधार पर वेतनमान में कार्यरत कर्मकार हो अथवा कोई अधिकारी जिन्होंने इन विनियमों के विकल्प का चयन किया हो तथा इनके द्वारा शासित हो, परंतु इसमें वह व्यक्ति शामिल नहीं है, जो संविदा आधार पर या दैनिक मजदूरी आधार पर या समेकित मजदूरी के आधार पर नियोजित हो;

(ट) **"प्रवृत्त होने की तारीख"** से 1 अप्रैल, 2018 अभिप्रेत है;

(ठ) **"पात्र कर्मचारी"** से इन विनियमों के अंतर्गत पेंशन के लिए पात्र कोई कर्मचारी अभिप्रेत है;

(ड) **"कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995"** से कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (1952 का 19) के अंतर्गत तैयार की गई कर्मचारी पेंशन स्कीम अभिप्रेत है;

(ढ) **"कुटुम्ब"** से किसी कर्मचारी के संबंध में अभिप्रेत है,-

(i) पुरूष कर्मचारी के मामले में पत्नी और महिला कर्मचारी के मामले में पति (चाहे शादी सेवानिवृत्ति से पहले या उसके बाद हुई हो);

(ii) न्यायिक रूप से पृथक पति या पत्नी किन्तु यह पृथककरण जारकर्म के आधार पर मंजूर नहीं हुआ हो और उत्तरजीवि व्यक्ति जारकर्म का दोषी नहीं ठहराया गया हो;

(iii) (क) अविवाहित पुत्र अथवा अविवाहित पुत्री (जिनका जन्म सेवानिवृत्ति से पूर्व या पश्चात् हुआ हो, इनमें दत्तक संतान भी शामिल हैं) जिसकी आयु 25 वर्ष से कम हो;

(ख) मानसिक विकृति अथवा असमर्थता या शारीरिक विकलांगता से ग्रसित अविवाहित पुत्र अथवा अविवाहित पुत्री;

(iv) विधवा पुत्री अथवा तलाकशुदा पुत्री (जिसका जन्म सेवानिवृत्ति से पूर्व या इसके पश्चात् हुआ हो) बिना किसी आयु सीमा के;

(v) माता-पिता जो कर्मचारी पर पूर्णत: निर्भर थे, जब ऐसा कर्मचारी जीवित था निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन:

(क) मृतक कर्मचारी अपने पीछे न तो कोई विधवा या विधुर या पात्र पुत्र या पुत्री या विधवा या तलाकशुदा पुत्री छोड़ गया हो और यह कि माता-पिता की आय दो हजार पांच सौ पचास रुपए से कम हो।

(ख) जहां मृतक कर्मचारी अपने पीछे संतानविहीन विधवा छोड़ गया हो तो वे संतानविहीन विधवा की मृत्यु या अन्य स्रोतों से उनकी स्वतंत्र आय प्रति दो हजार पांच सौ पचास रुपए या समतुल्य या अधिक हो इसके पश्चात ही कुटुम्ब पेंशन के लिए पात्र होंगे;

(ण) **"कुटुम्ब पेंशन"** से विनियम 37 में उल्लिखित कुटुम्ब पेंशन अभिप्रेत है;

(त) **"वित्तीय वर्ष"** से 1 अप्रैल को आरंभ होने वाला वर्ष अभिप्रेत है;

(थ) **"निधि"** से विनियम 4 के अंतर्गत गठित **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि अभिप्रेत है;

(द) **"राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली"** से पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (झ) में निर्धारित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अभिप्रेत है;

(ध) **"अधिसूचित तारीख"** से वह तारीख अभिप्रेत है जिस दिन इन विनियमों को राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है;

(न) **"वेतन"** से मूल वेतन अभिप्रेत है जिसमें अवरूद्ध वेतन वृद्धि, यदि कोई हो और भविष्य निधि में अंशदान करने के प्रयोजन हेतु शामिल सभी भत्ते तथा महँगाई भत्ते का भुगतान भी शामिल है;

(प) **"पेंशन"** से कुटुम्ब पेंशन सहित और अध्याय-V में निर्दिष्ट पेंशन की वर्ग अभिप्रेत है;

(फ) **"पेंशन भोगी"** से इन विनियमों के अंतर्गत पेंशन के लिए पात्र कर्मचारी अभिप्रेत है;

(ब) **"अर्हक सेवा"** से नियमित आधार पर की गई सेवा अभिप्रेत है, जिसे इन विनियमों के अंतर्गत पेंशन के प्रयोजन हेतु शामिल किया जाता है;

(भ) **"सेवानिवृत्ति"** से बैंक सेवा से निवृत्त होना अभिप्रेत है,-

(i) सेवा विनियम में निर्दिष्ट अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर;

(ii) विनियम 27 में निहित उपबंधों के अनुसार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर;

(iii) विनियम 30 में निहित उपबंधों के अनुसार अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से पूर्व बैंक के द्वारा समयपूर्व सेवानिवृत्ति देने पर;

(म) **"सेवा विनियम"** से **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम, 2013 अभिप्रेत है।

(य) **"न्यास"** से विनियम 4 के उप-विनियम (1) के अंतर्गत गठित **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि अभिप्रेत है;

(यक) **"न्यासी"** से विनियम 4 के अंतर्गत गठित **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि के न्यासी अभिप्रेत हैं;

(यक) **"भविष्य निधि"** से बैंक की भविष्य निधि अभिप्रेत है।

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त सभी पद और अभिव्यक्ति परंतु जिन्हें परिभाषित न किया गया हो और जिन्हें अधिनियम अथवा **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम, 2013 में परिभाषित किया गया हो, का अर्थ वही होगा, जैसा कि अधिनियम या **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (अधिकारी और कर्मचारी) सेवा विनियम, 2013 जैसा भी मामला हो, में है।

अध्याय II

लागू होना और पात्रता

3. लागू होना – (1) ये विनियम ऐसे कर्मचारी पर लागू होंगे जो –

(क) 1 सितम्बर, 1987 को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में थे किन्तु 31 मार्च, 2010 को या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हो गए थे एवं जिन्होंने अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिनों के भीतर निधि का सदस्य बनने के लिए लिखित में विकल्प का प्रयोग किया है और एक सौ बीस दिनों की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् साठ दिन के भीतर उनको प्राप्त संपूर्ण अंतिम राशि (कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत भविष्य निधि में बैंक के द्वारा किए गए अंशदान की संपूर्ण राशि तथा उसके द्वारा राशि प्राप्त होने की तिथि तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज) को रिफंड की तिथि तक ऐसी अंतिम राशि के प्राप्त होने की तिथि से ऐसी अंतिम राशि पर ब्याज का भुगतान किए बिना वापस कर दिया है; अथवा

(ख) 1 सितम्बर, 1987 को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में थे, अधिसूचित तारीख को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में बने रहेंगे और अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिनों के भीतर लिखित में निधि का सदस्य बनने के विकल्प का प्रयोग करते हैं तथा बैंक के संपूर्ण अंशदान को उस पर प्रोद्भूत ब्याज के साथ विनियम 4 के अंतर्गत गठित निधि में जमा करा दें; अथवा

(ग) 1 सितम्बर, 1987 तथा 31 मार्च, 2010 के बीच बैंक की सेवा में थे और प्रभावी तिथि को या उसके पश्चात् सेवा में रहे किन्तु अधिसूचित तारीख से पूर्व सेवानिवृत्त हुए; यदि वह अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिनों के भीतर लिखित में निधि का सदस्य बनने के लिए विकल्प का प्रयोग करते हैं और एक सौ बीस दिनों की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् साठ दिनों के भीतर उनको प्राप्त संपूर्ण अंतिम राशि (कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत भविष्य निधि में बैंक के द्वारा किए गए अंशदान की संपूर्ण राशि तथा उनके द्वारा राशि प्राप्त होने की तिथि तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित) को वापस लौटाने की तिथि तक ऐसी अंतिम राशि के प्राप्त होने की तिथि से ऐसी अंतिम राशि पर ब्याज का भुगतान किए बगैर वापस कर दिया है:

परन्तु यह कि कर्मचारी का परिवार जो –

(i) 1 सितम्बर, 1987 को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में थे किन्तु 31 मार्च, 2010 को या उसके पूर्व जिनकी मृत्यु हो गई; या

(ii) 1 सितम्बर, 1987 और 31 मार्च, 2010 के बीच पद ग्रहण करते हैं और प्रभावी तिथि से पूर्व मृत्यु हो गयी; या

(iii) 1 सितम्बर, 1987 और 31 मार्च, 2010 के बीच बैंक की पद ग्रहण करते हैं और प्रभावी तिथि को या उसके पश्चात् सेवा में बने रहते हैं किन्तु निधि का सदस्य बनने के लिए लिखित में विकल्प दिए बिना ही कर्मचारी की अधिसूचित तारीख के पश्चात् एक सौ बीस दिनों के पूर्व मृत्यु हो गई हो,

इन विनियमों के अंतर्गत कुटुम्ब पेंशन के हकदार होंगे, यदि दिवंगत कर्मचारी का कुटुम्ब कर्मचारी की मृत्यु की तिथि से एक सौ बीस दिन या अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन की समाप्ति, जो भी बाद में हो, के भीतर निधि का सदस्य बनने के लिए लिखित में विकल्प का प्रयोग करते हैं और एक सौ बीस दिन की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् साठ दिनों के भीतर कुटुम्ब को प्राप्त संपूर्ण अंतिम राशि (कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत भविष्य निधि में बैंक के अंशदान की संपूर्ण राशि तथा परिवार द्वारा राशि प्राप्त होने की तिथि तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित) को वापस करने की तिथि तक ऐसी अंतिम राशि के प्राप्त होने की तिथि से ऐसी अंतिम राशि पर ब्याज का भुगतान किए बिना वापस कर दिया है।

(2) कोई कर्मचारी या दिवंगत कर्मचारी का कुटुम्ब उप-विनियम (1) के अंतर्गत विकल्प का चयन नहीं करता है या जो विकल्प का चयन करने के पश्चात् राशि वापस नहीं लौटाता है, तो उसे निधि का सदस्य बनने के संबंध में अनिच्छुक माना जाएगा और वह कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत शासित होगा।

(3) इस विनियम में किसी बात के होते हुए भी कोई कर्मचारी, जो एक अप्रैल, 2010 को या उसके पश्चात् बेंक की सेवा में आता है, के पास या तो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प का चयन करने अथवा कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत शासित होने (बने रहने) का विकल्प होगा।

(4) इस विनियम में किसी बात के होते हुए भी कोई कर्मचारी जो 1 अप्रैल, 2018 को या उसके पश्चात् बैंक की सेवा में आता है, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली द्वारा कवर होगा।

अध्याय III

निधि

4. निधि का गठन –

(1) बैंक अधिसूचित तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर अप्रतिसंहरणीय न्यास के अधीन **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि के नाम से एक निधि का गठन करेगा।

(2) निधि का एक मात्र प्रयोजन होगा कर्मचारी या उसके कुटुम्ब को इन विनियमों के अनुसार पेंशन या कुटुम्ब पेंशन के संदाय का उपबंध करना।

(3) बैंक निधि का एक अंशदाता होगा और वह सुनिश्चित करेगा कि निधि में पर्याप्त धनराशि रहे ताकि न्यासी इन विनियमों के अधीन हिताधिकारियों को शोध्य संदाय कर सकें।

5. बैंक का दायित्व –

(1) (क) विनियम 4 के अंतर्गत निधि के गठन के पश्चात् बैंक विनियम 3 के अंतर्गत निधि का सदस्य बनने के विकल्प का चयन करने वाले पात्र कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत पेंशन के लिए बेंक के अंशदान की संचित शेष राशि, ऐसे अंतरण की तारीख तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन निधि में अंतरित करेगा।

(ख) अधिनियम के अंतर्गत भविष्य निधि के गठन के पश्चात् बैंक विनियम 3 के अंतर्गत निधि का सदस्य बनने के विकल्प का चयन करने वाले पात्र कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत भविष्य निधि के लिए कर्मचारी के अंशदान की संचित रकम, ऐसे अंतरण की तारीख तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित अंतरित करेगा।

(2) विनियम 3 के उप-विनियम (1) के अंतर्गत निधि के लिए विकल्प चयन करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी या दिवंगत कर्मचारी का कुटुम्ब कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अधीन पेंशन घटक की राशि प्राप्त करता रहेगा और इन विनियमों के अंतर्गत देय पेंशन की शेष् राशि निधि में से दी जाएगी।

6. निधि की संरचना –

निधि निम्नलिखित से मिलकर बनेगी अर्थात्:-

(क) निधि की आस्तियों एवं देयताओं के बीच के आरंभिक अंतराल के बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर बैंक द्वारा अंशदान;

(ख) कर्मचारी के वेतन पर दस प्रतिशत प्रति मास की दर से बैंक द्वारा अंशदान।

(ग) पात्र सेवारत कर्मचारियों के संबंध में कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत पेंशन और भविष्य निधि के लिए बैंक द्वारा जमा अंशदान और निधि के अंतरण की तिथि तक उस पर प्रोद्भूत ब्याज।

(घ) पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत बैंक के भविष्य निधि अंशदान सहित वापस की गई राशि।

(ड.) निधि के धन से क्रय की गई वार्षिकी या प्रतिभूतियों में किया गया निवेश और उस पर ब्याज।

(च) निधि की पूंजी आस्तियों से उद्भूत किसी पूंजी अभिलाभ की रकम।

(छ) विनियम 10 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार बैंक द्वारा किया अतिरिक्त वार्षिक अंशदान।

(ज) निधि में जमा की गई रकमों के निवेश से हुई आय।

(झ) पात्र दिवंगत कर्मचारी के कुटुम्ब द्वारा कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अंतर्गत वापस किए गए बैंक के भविष्य निधि अंशदान की रकम और उस पर ब्याज।

7. न्यासी बोर्ड –

(1) कार्यों का सामान्य पर्यवेक्षण, निर्देशन एवं प्रबंधन तथा निधि की व्यवस्था बोर्ड के न्यासियों में निहित होगी, जो इन विनियमों के अधीन पेंशन या कुटुम्ब पेंशन के भुगतान के लिए सभी शक्तियों का प्रयोग करेंगे और उसके लिए आवश्यक सभी कार्य करेंगे।

(2) न्यासी बोर्ड बैंक द्वारा नियुक्त इतने व्यक्तियों से मिलकर बनेगा जिसकी संस्था बैंक अवधारित करेगा किन्तु जिनकी संस्था तीन से कम और पांच से अधिक नहीं होगी।

(3) न्यासियों की नियुक्ति का अधिकार बैंक में निहित होगा और ऐसी सभी नियुक्तियां लिखित रूप में की जाएंगी।

(4) बैंक एक न्यासी को न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नामनिर्देशित करेगा।

(5) न्यासी का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा और बैंक इस न्यासी की पुनर्नियुक्ति कर सकता है जिसने पूर्व में अपना कार्यकाल पूरा किया है।

बशर्ते किसी न्यासी की नियुक्ति दो बार से अधिक नहीं होगी।

8. न्यासियों द्वारा बोर्ड के निदेशों का पालन किया जाना –

नियम 7 के अंतर्गत अपनी शक्तियों एवं कार्यों का निर्वहन करते हुए न्यासी बोर्ड, बोर्ड द्वारा समय-समय पर उसे दिए गए निर्देशों के अनुसार दिशानिर्देशित होगा:

परंतु यह कि ऐसे सभी निर्देश लिखित रूप से दिए जाएंगे और तत्संबंधी प्रयोजन एवं उद्देश्य को विनिर्दष्ट करेंगे।

9. निधि की लेखा बहियां –

(1) निधि के लेखाओं में निधि से संबंधित सभी वित्तीय संव्यवहारों की विशिष्टियां ऐसे प्रारूप में अंतर्विष्ट होंगी जो बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं।

(2) बैंक के तुलन पत्र को उपलब्ध कराने की तारीख से साठ दिनों के भीतर न्यास, न्यास की आस्तियों और दायित्वों का सामान्य लेखा दर्शाते हुए अपनी वित्तीय विवरणी तैयार करेगा और उसकी एक प्रति बैंक को अग्रेषित करेगा।

(3) अधिनियम की धारा 19 के उपबंधों के अनुसार निधि के लेखाओं की संपरीक्षा की जाएगी।

10. निधि का बीमांकिक अन्वेषण –

बैंक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 31 मार्च को निधि की वित्तीय स्थिति का किसी बीमांकन द्वारा अन्वेषण कराएगा और निधि में ऐसा अतिरिक्त वार्षिक अंशदान करेगा जो इन विनियमों के अधीन लाभों का संदाय सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित हों:

परंतु यह कि बैंक जिस वित्तीय वर्ष में निधि का गठन किया गया है उसके ठीक पश्चात्वर्ती 31 मार्च को निधि की वित्तीय स्थिति के संबंध में किसी बीमांकक से अन्वेषण कराएगा।

11. निधि का निवेश –

निधि में अंशदान की गई या प्राप्त या ब्याज के रूप में अधिसूचित तारीख के पश्चात प्रोद्भूत संपूर्ण राशि भारत में डाक घर बचत बैंक खाते या किसी अनुसूचित बैंक के चालू खाते या बचत खाते में जमा की जा सकेगी या इन विनियमों के अनुसार पेंशन संबंधी लाभों का भुगतान करने के लिए उपयोग में लायी जा सकेगी और ऐसी वह राशि जिसको जमा या उपयोग नहीं किया गया है, उसका सरकारी प्रतिभूतियों, ऋण लिखतों, अल्पावधि ऋण लिखतों, इक्विटी और संबंधित निवेशों, आस्ति समर्थित न्यास संरचनाओं और प्रकीर्ण (विविध) निवेशों में निवेश की जाएगी।

12. निधि से भुगतान –

न्यास इन विनियमों के अन्य उपबंधों के अध्यधीन बैंक के पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों या बैंक के पात्र दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को कुटुम्ब पेंशन के पेंशनरी फायदों की स्वीकृति के लिए कार्य करेगा।

अध्याय IV

पेंशन के लिए अर्हक सेवा

13. पेंशन के लिए अर्हक सेवा –

इन विनियमों में अंतर्विष्ट अन्य शर्तों के अधीन रहते हुए ऐसा कर्मचारी जिसने बैंक में न्यूनतम दस वर्ष की सेवा की है, पेंशन के लिए अर्हित होगा।

14. अर्हक सेवा का आरंभ –

इन विनियमों में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन रहते हुए किसी कर्मचारी की अर्हक सेवा उस तारीख से आरंभ होगी, जिस तारीख को वह उस पद का कार्यभार ग्रहण करता है, जिस पर वह पहली बार स्थायी आधार पर नियुक्त हुआ है और

परिवीक्षा के दौरान की गयी सेवा का गणना अर्हक सेवा के रूप में होगी यदि परिवीक्षा के पश्चात् उसी पद पर उसकी प्रतिपुष्टि हो जाती है।

15. छुट्टी पर व्यतीत अवधि की गणना –

बैंक की सेवा में ऐसी सभी छुट्टियों की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी जिसके लिए छुट्टी वेतन संदेय है।

परंतु वेतन हानि पर असाधारण छुट्टी अर्हक सेवा में नहीं गिनी जाएंगी सिवाय तब के जब मंजूरी प्राधिकारी ने निदेश दिया हो कि ऐसी छुट्टी, संपूर्ण सेवावधि के दौरान बारह महीनों से अनधिक, पेंशन सिहत सभी प्रयोजनों के लिए सेवा के रूप में गिनी जाए।

16. एक वर्ष से कम की सेवा का खंडित सेवाकाल –

यदि किसी कर्मचारी की सेवा में एक वर्ष से कम का खंडित सेवाकाल सम्मिलित है तो यदि यह खंडितकाल छः महीनों से अधिक है तो उसे एक वर्ष माना जाएगा और यदि ऐसा खंडितकाल छः महीने या कम है तो इसे छोड़ दिया जाएगा।

परंतु यह कि इस विनियम के उपबंध पेंशन के लिए आवश्यक न्यूनतम अर्हक सेवा के निर्धारण के लिए लागू नहीं होंगे।

17. प्रशिक्षण में व्यतीत अवधि की गणना –

किसी कर्मचारी द्वारा उसकी नियुक्ति से ठीक बाद बैंक में प्रशिक्षण में व्यतीत अवधि की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी।

18. किसी पूर्व बैंक के साथ की गयी भूतकालिक सेवा की गणना –

कर्मचारी द्वारा किसी अन्य बैंक में नियमित आधार पर की गई सेवा उस बैंक के वर्तमान बैंक के साथ समामेलन होने पर भी अर्हक सेवा लिए गणना की जाएगी:

परंतु यह कि संविदा के आधार पर या दैनिक मजदूरी के आधार पर या समेकित मजदूरी पर नियुक्त किसी कर्मचारी पर यह विनियम लागू नहीं होगा।

19. निलंबन की अवधि –

(1) जांच लंबित रहने के दौरान किसी कर्मचारी की निलंबन अवधि की गणना अर्हक सेवा के लिए की जाएगी जहां ऐसी जांच पूरी हो जाने के पश्चात् उसे पूरी तरह से नियुक्त कर दिया गया है या निलंबन को पूर्णतया युक्तिसंगत नहीं पाया गया है।

(2) अन्य सभी मामलों में निलंबन की अवधि को तब तक अर्हक सेवा नहीं गिना जाएगा जब तक कि ऐसे मामलों को अभिशासित करने वाले सेवा विनियमों के अधीन आदेश पारित करने वाले सक्षम प्राधिकारी उस समय स्पष्ट रूप से यह घोषित न करे कि उसकी गणना उस विस्तार तक की जाएगी जिसकी घोषणा सक्षम प्राधिकारी करे।

20. सेवाकाल का समपहरण –

(1) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के अलावा किसी कर्मचारी के बैंक की सेवा से त्यागपत्र देने या उसके पदच्युत किए जाने या हटाए जाने या सेवा समाप्ति पर उसकी संपूर्ण पिछली सेवा समपहृत हो जाएगी और परिणामस्वरूप इन विनियमों के अधीन पेंशनिक फायदों के लिए अर्हक सेवा नहीं होगी।

(2) निम्नलिखित मामलों को छोड़कर किसी बैंक कर्मचारी की सेवा में व्यवधान उसकी पूर्व सेवा को अपरिहार्य रूप से समपहृत कर देता, नामत:

(क) प्राधिकृत अनुपस्थिति छुट्टी,

(ख) निलंबन, जहां उसका तुरंत यथापूर्वकरण चाहे उसी पद पर हो या किसी भिन्न पद पर या जहां बैंक कर्मचारी की मृत्यु हो गई है या उसे सेवानिवृत्ति की अनुमति दी गई है या निलंबन के दौरान सेवा विनियमों के उपबंधों के अंतर्गत सेवानिवृत्त कर दिया गया है।

21. हड़ताल में भाग लेने के कारण सेवा में व्यवधान –

हड़ताल में भाग लेने के कारण कर्मचारी की सेवा में हुए व्यवधान को तब तक पेंशन के लिए अर्हक सेवा के रूप में नहीं गिना जाएगा जब तक सक्षम प्राधिकारी ऐसे व्यवधान की अवधि को माफ न कर दे।

परंतु यह कि हड़ताल में उसकी भागीदारी के कारण सेवा में ऐसे व्यवधान के संबंध में बैंक कर्मचारी के सेवा रिकार्ड में प्रविष्टि करने से पूर्व कर्मचारी को अभ्यावेदन करने का एक अवसर दिया जा सकता है।

22. सेना में सेवा –

ऐसा कर्मचारी जिसने बैंक में नियुक्त से पहले सेना में सेवा की है सैनिक पेंशन, यदि कोई हो, प्राप्त करता रहेगा किंतु सेना में कर्मचारी द्वारा की गई सेवा की गणना पेंशन के लिए अर्हक सेवा के रूप में नहीं की जाएगी।

23. भारत में किसी संगठन में प्रतिनियुक्ति की अवधि –

भारत में किसी अन्य संगठन में कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की अवधि की गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाएगी, परंतु यह तब जबकि ऐसा संगठन जिसमें वह प्रतिनियुक्त है या कर्मचारी इन विनियमों में विनिर्दष्ट दरों पर या प्रतिनियुक्ति के समय बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट दरों पर, इनमें से जो भी उच्चतर हो, पेंशन संबंधी अंशदान का बैंक को संदाय करें।

24. विशेष परिस्थितियों में अर्हक सेवा में परिवर्तन –

कोई भी कर्मचारी विनियम 26 में विनिर्दिष्ट अधिवर्षिता पेंशन के लिए अर्हित करने वाले अपने सेवा काल में अपनी सेवा की एक चौथाई से अनधिक या उतनी वास्तविक अवधि जितनी से, भर्ती के समय सीधी भर्ती हेतु बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट उच्चतर आयु सीमा से उसकी आयु अधिक थी या पांच वर्ष की अवधि की, इनमें से जो भी कम हो, वृद्धि करने का पात्र होगा किन्तु यह तब तक जबकि वह सेवा या पद, जिस पर कर्मचारी को नियुक्त किया गया है, निम्नलिखित में से एक है –

(क) जिसके लिए कि स्नातकोत्तर अनुसंधान या विशेषज्ञ अर्हताएं या वैज्ञानिक प्रौद्योगिक या वृत्तिक क्षेत्रों में अनुभव आवश्यक है;

(ख) जिस पर सीधी भर्ती हेतु सामान्यतया विनिर्दिष्ट उच्चतर आयु सीमा से अधिक के अभ्यर्थी भर्ती किए जाते हैं; और

(ग) जिसके लिए अभ्यर्थी को उसके पास उच्चतर अर्हताएं और अनुभव होने के कारण बैंक द्वारा नियत अधिकतम आयु सीमा से ऊपर छूट दी गई हो।

परंतु यह रियायत किसी कर्मचारी को तभी अनुदेय होगी जबकि बैंक की सेवा छोड़ने के समय उसकी वास्तविक अर्हक सेवा कम से कम दस वर्ष की हो।

25. स्थाई अंशकालिक आधार पर की गई सेवा की गणना –

(1) उन कर्मचारियों के मामले में जो उस पर लागू नियुक्ति के अन्य नियमों के अनुसार बैंक में स्थाई अंशकालिक आधार पर सेवारत था और कर्मचारी भविष्य निधि में अंशदान कर रहा था, उसके द्वारा ऐसे अंशदान की तिथि से स्थाई अंशकालिक आधार पर उसके द्वारा की गई सेवा को अर्हक सेवा के रूप में गिना जाएगा।

(2) स्थाई अंशकालिक कर्मचारियों के संबंध में पेंशन की राशि की गणना के प्रयोजनार्थ अर्हक सेवा की अवधि फार्म IV के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

(3) इस विनियम के अधीन पेंशन की राशि की गणना के प्रयोजनार्थ की गई वास्तविक सेवा को अर्हक सेवा के रूप में माना जाएगा और ऐसे मामलों में सेवानिवृत्त के समय पर आहरित किए गए वास्तविक वेतन को औसत पारिश्रमिक के उद्देश्य के लिए माना जाएगा।

अध्याय V

पेंशन के वर्ग

26. अधिवर्षिता पेंशन –

अधिवर्षिता पेंशन ऐसे कर्मचारी को प्रदान की जाएगी जो अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हुआ है।

27. स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर पेंशन –

(1) प्रभावी तिथि को या उसके पश्चात् कर्मचारी के बीस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात् किसी भी समय वह नियुक्ति प्राधिकारी को कम से कम तीन मास की लिखित सूचना देकर सेवानिवृत्त हो सकेगा:

परंतु यह भी कि यह उप-विनियम ऐसे कर्मचारी पर लागू नहीं होगा जो ऐसे किसी स्वशासी निकाय या सरकारी क्षेत्र के उपक्रम या कंपनी या संस्था या निकाय में, चाहे वह निगतिम हो या नहीं, में स्थाई रूप से आमेलित होने के लिए सेवानिवृत्ति मांगते समय प्रतिनियुक्ति पर है।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन दी गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की सूचना के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक होगी:

परंतु यदि नियुक्ति प्राधिकारी उक्त सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पहले सेवानिवृत्त के लिए अनुज्ञा देने से इंकार नहीं करता है तो सेवानिवृत्त उक्त अवधि की समाप्ति की तारीख से प्रभावी हो जाएगा।

(3) (क) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट कर्मचारी नियुक्ति प्राधिकारी को यह कारण बताते हुए लिखित अनुरोध कर सकेगा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए तीन मास से कम की सूचना स्वीकार कर ली जाए।

(ख) खण्ड (क) के अधीन अनुरोध प्राप्त होने पर नियुक्ति प्राधिकारी, उप-विनियम (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए भी गुणावगुण के आधार पर सूचना की तीन महीने की अवधि में कमी करने के अनुरोध पर विचार कर सकेगा और यदि वह इस बात से संतुष्ट है कि सूचना की अवधि में कमी करने से कोई प्रशासिनक असुविधा पैदा नहीं होगी तो नियुक्ति प्राधिकारी इस शर्त पर तीन महीने की सूचना संबंधी अपेक्षा को शिथिल कर सकेगा कि कर्मचारी सूचना के तीन महीने समाप्त होने से पहले अपनी पेंशन के किसी भाग के संराशीकरण के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा।

(4) ऐसे कर्मचारी को, जिसने इस विनियम के अधीन सेवानिवृत्त होने का निर्वाध किया है और इस संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी को आवश्यक सूचना दी हे, ऐसे अधिकारी के विशिष्ट अनुमोदन के बिना अपनी सूचना वापस नहीं ले सकेगा।

परंतु यह कि सूचना वापस लेने के लिए अनुरोध सेवानिवृत्त की आशायित तारीख से पहले किया जाएगा।

(5) इस विनियम के अधीन स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी की अर्हक सेवा इस शर्त के अधीन रहते हुए अधिकतम पांच वर्ष से अनधिक अवधि के लिए बढ़ाई जाएगी कि उस कर्मचारी द्वारा की गई कुल अर्हक सेवा किसी भी दशा में तैंतीस वर्ष से अधिक नहीं होगी और इससे यह अधिवर्षिता की तारीख से आगे नहीं जाएगी

परंतु यह कि बढ़ाई गई अर्हक सेवा से वह अपनी पेंशन की संगणना के उद्देश्य से वेतन का कोई काल्पनिक नियतन का हकदार नहीं होगा।

28. अशक्त पेंशन –

(1) ऐसे कर्मचारी को अशक्त पेंशन प्रदान की जा सकेगी,-

(क) जिसने न्यूनतम दस वर्ष की सेवा की है; और

(ख) जो प्रभावी तिथि को या उसके पश्चात जो किसी ऐसे शारीरिक या मानसिक शैथिल्य के कारण सेवानिवृत्त हुआ है जिसने उसे सेवा के लिए स्थाई रूप से असमर्थ बना दिया है।

(2) अशक्त पेंशन के लिए आवेदन करने वाला कर्मचारी बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया असमर्थता संबंधी डाक्टरी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा।

(3) जहां बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी को उस पद से जिस पर वह कार्य कर रहा था, कम परिश्रम वाले कार्य पर आगे सेवा हेतु स्वस्थ घोषित कर देता है तो यदि वह कार्य करना चाहता हो तो, उसे निम्नतर पद पर सेवा में रखा जा सकता है और यदि वह निम्नतर पद पर रखने का कोई साधन नहीं है तो उसे अशक्त पेंशन प्रदान की जा सकती है।

(4) सेवा हेतु अक्षमता का चिक्त्सा प्रमाण पत्र तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि आवेदक इस आशय का पत्र प्रस्तुत नहीं करता है कि सक्षम प्राधिकारी को इस बात की जानकारी है कि आवेदक बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना चाहता है।

(5) सक्षम प्राधिकारी बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी को जिस बैंक में आवेदक नियोजित है उसके अभिलेख से प्रकट होने वाली आवेदक की आयु की जानकारी देगा।

29. अनुकंपा भत्ता –

(1) ऐसे कर्मचारी की, जिसे सेवा से पदच्युत किया जाता है या हटाया जाता है या जिसकी सेवा समाप्त की जाती है, पेंशन समयहृत हो जाएगी:

परंतु पदच्युत करने या सेवा से हटाने या सेवा समाप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से उच्चतर प्राधिकारी, यदि-

(i) ऐसी पदच्युति, सेवा से हटाया जाना या सेवा समाप्ति प्रभावी तिथि को या उसके पश्चात की गई है, और

(ii) मामला विशेष रूप से विचार किए जाने के योग्य है,

तो, ऐसी पेंशन की दो तिहाई से अनधिक अनुकंपा भत्ता मंजूर कर सकेगा, जो उसकी पदच्युति, सेवा से हटाए जाने या सेवा समाप्त करने की तारीख तक की गई सेवा के आधार पर उसे अनुज्ञेय होती।

(2) उप-विनियम (1) के परंतुक के अधीन स्वीकृत अनुकंपा भत्ता विनियम 34 के अधीन संदेय न्यूनतम पेंशन की रकम से कम नहीं होगा।

30. समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन –

समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन उन कर्मचारियों को दी जाएगी जो,

(क) न्यूनतम दस वर्ष की सेवा कर चुका हो; और

(ख) लोकहित में समयपूर्व सेवानिवृत्त होने के बैंक के आदेश के कारण या लिखित में दर्ज किए गए किसी अन्य कारण से सेवानिवृत्त होता है, और जो अन्यथा अधिवर्षिता की उस तारीख पर पेंशन के लिए पात्र होता।

31. अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन –

प्रभावी तिथि को या उसके पश्चात अनुशासन एवं अपील विनियमन या समझौते के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से उच्चतर प्राधिकारी द्वारा ऐसी शास्ति दिए जाने पर सेवा से शास्ति के रूप में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किए गए कर्मचारी को उस दर से पेंशन दी जा सकती है जो उसे देय पेंशन के दो तिहाई से कम न हो और उसकी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख को उसे स्वीकृत उस पूरी पेंशन से अधिक न हो, यदि वह अन्यथा अधिवर्षिता की तारीख को ऐसी पेंशन का पात्र होता।

परंतु यह कि इस विनियम के अंतर्गत प्रदान की गई पेंशन इन विनियमों के अधीन देय पूर्ण पेंशन से कम है तो ऐसे आदेश पारित करने से पूर्व निदेशक मण्डल से परामर्श लिया जाएगा।

32. कुछ कर्मचारियों के संबंध में पेंशन या कुटुम्ब पेंशन का भुगतान –

(1) कोई कर्मचारी जो 1 सितम्बर, 1987 और 31 मार्च, 2010 के बीच सेवा में था और 31 मार्च, 2018 से पूर्व बैंक की सेवा से सेवानिवृत्त हुआ है, इन विनियमों के उपबंधों के अध्यधीन प्रभावी तिथि से पेंशन के भुगतान के लिए पात्र होगा।

(2) दिवंगत कर्मचारी, जो 1 सितम्बर, 1987 और 31 मार्च 2010 के बीच सेवा में था और जिसकी 31 मार्च 2018 से पूर्व मृत्यु हो गई है, का परिवार इन विनियमों के उपबंधों के अध्यधीन प्रभावी तिथि से कुटुम्ब पेंशन के लिए पात्र होंगे।

अध्याय VI

पेंशन की दर

33. पेंशन की रकम:-

(1) 1 सितम्बर, 1987 से 31 अक्तूबर 1987 के मध्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संबंध में मूल पेंशन और अतिरिक्त पेंशन, जहां भी लागू हो, को परिशिष्ट 1 में दिए गए सूत्र के अनुसार अद्यतन किया जाएगा।

(2) तैंतीस वर्ष से अन्यून अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात सेवा विनियमों या समझौते के उपबंधों के अधीन सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी के मामले में मूल पेंशन की रकम की संगणना औसत परिलब्धियों के पचास प्रतिशत पर की जाएगी।

(3) (क) उप विनिमय(I) के अनुसार, अतिरिक्त पेंशन, कर्मचारी द्वारा अपनी सेवा के अंकतम दस मास के दौरान प्राप्त किए गए भत्तों की राशि की पचास प्रतिशत होगी,

(ख) अतिरिक्त पेंशन की रकम पर कोई मंहगाई राहत नहीं दी जाएगी।

स्पष्टीकरण:- इस उप विनियम के प्रयोजन के लिए भत्तों से वे भत्ते अभिप्रेत हैं जो भविष्य निधि में अंशदान के लिए जिस विस्तार तक गणना की जाती है उस तक अनुज्ञेय है।

(4) विनियम 34 में निर्दिष्ट है कि परिकलित पेंशन और अतिरिक्त पेंशन इन विनियमों में विनिर्दिष्ट न्यूनतम पेंशन के अधीन रहते हुए होगी।

(5) ऐसे कर्मचारी को जिसने इन विनियमों के विनियम 39 के उपबंधों के अनुसार अपनी पेंशन के अनुज्ञेय भाग का संराशीकरण करवाया है, प्रत्येक मास पेंशन का केवल अतिशेष ही प्राप्त होगा।

(6) (क) तैंतीस वर्षों की अर्हक सेवा पूरी करने से पहले किंतु दस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के मामले में पेंशन की रकम उप विनियम (2) और (3) के अधीन अनुज्ञेय पेंशन अतिरिक्त और पेंशन की रकम के अनुपात में होगी और किसी भी दशा में पेंशन की रकम इन विनियमों में विनिर्दिष्ट न्यूनतम पेंशन की रकम से कम नहीं होगी।

(ख) इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, अशवत पेंशन की रकम, कुटुम्ब पेंशन की उस सामान्य दर से कम नहीं होगी, जो सेवाकाल में कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके कुटुम्ब को संदेय होती।

(7) इस विनियम के अधीन अंतिम रूप से अवधारित पेंशन की रकम पूर्ण रुपए में व्यक्त की जाएगी और यदि पेंशन में रुपए का कोई भाग हो तो इसे अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा।

34. न्यूनतम पेंशन:-

न्यूनतम पेंशन की रकम इस प्रकार होगी –

(क) स्थायी अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न कर्मचारी के संदर्भ में 375 रुपये प्रतिमाह; जहां कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 (अधिकारियों से भिन्न कर्मचारियों के मामले में) अथवा 1 जुलाई, 1993 (अधिकारियों के मामले में) से पहले तथा 1 नवम्बर, 1992 से पहले सेवानिवृत्त होने वाला स्थायी अंशकालिक कर्मचारी उसकी अनुपातिक राशि प्राप्त करेगा;

(ख) स्थायी अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न कर्मचारी की दशा में 720 रुपये प्रतिमाह, जहां कर्मचारी 1 नवम्बर, 1992 को अथवा उसके बाद (अधिकारियों से इतर कर्मचारियों के मामले में) अथवा 1 जुलाई, 1993 को अथवा उसके बाद (अधिकारियों के मामले में) सेवानिवृत्त हुआ हो और 1 नवम्बर, 1992 को अथवा इसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले स्थायी अंशकालिक कर्मचारियों के मामले में उसकी अनुपातिक राशि दी जायेगी;

(ग) स्थायी अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न कर्मचारी की दशा में, जो 1 अप्रैल, 1998 को अथवा इसके बाद परन्तु 31 अक्टूबर, 2002 से पहले सेवानिवृत्त हुआ हो को 1060 रुपये प्रतिमाह और 355 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का एक तिहाई प्राप्त कर चुका हो, 530 रुपए प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का आधा प्राप्त कर चुका हो, 795 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का तीन चौथाई प्राप्त कर चुका हो, जहां कर्मचारी 1 अप्रैल, 1998 को अथवा उसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो;

(घ) स्थाई अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न कर्मचारी की दशा में 1435 रुपये प्रतिमाह, जहां कर्मचारी, 2002 को अथवा इसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो और 480 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी के संदर्भ में जो वेतन का एक तिहाई प्राप्त कर चुका हो, 720 प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का आधा प्राप्त कर चुका हो और 1080 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का तीन चौथाई प्राप्त कर चुका हो, जहां कर्मचारी 1 मई, 2005 को अथवा उसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो;

(ड.) स्थायी अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न कर्मचारी की दशा में 1779 रुपये प्रतिमाह, जहां कर्मचारी 1 नवम्बर, 2007 को अथवा इसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो और 595 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का एक तिहाई प्राप्त कर चुका हो, 892 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी के मोमले में जो वेतन का आधा प्राप्त कर चुका हो और 1339 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का तीन चौथाई प्राप्त कर चुका हो, जहां कर्मचारी 1 नवम्बर, 2007 को अथवा उसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो;

(च) स्थाई अंशकालिक कर्मचारी से भिन्न कर्मचारी की दशा में 2785 रुपये प्रतिमाह, जहां कर्मचारी, 1 नवम्बर, 2012 को अथवा इसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो और 932 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का एक तिहाई प्राप्त कर चुका हो, 1397 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का आधा प्राप्त कर चुका हो और 2096 रुपये प्रतिमाह उस कर्मचारी को जो वेतन का तीन चौथाई प्राप्त कर चुका हो, जहां कर्मचारी 1 नवम्बर, 2012 को अथवा उसके बाद सेवानिवृत्त हुआ हो;

35. मंहगाई राहत:-

(1) मूल पेंशन या कुटुम्ब पेंशन या अशक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता पर मंहगाई राहत परिशिष्ट II में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार मंजूर की जाएगी।

(2) मंहगाई राहत, संराशीकरण के पश्चात भी, पूर्ण मूल पेंशन पर अनुज्ञात की जाएगी।

36. औसत उपलब्धियों के लिए दस मास की अवधि का अवधारणा:-

(1) औसत उपलब्धियों के प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती दस माह की अवधि की गणना सेवानिवृत्ति की तारीख से की जाएगी।

(2) स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या समय पूर्व के मामले में औसत परिलब्धियों के प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती दस माह की अवधि की गणना उस तारीख से की जाएगी जिसको कर्मचारी स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त हुआ है या बैंक द्वारा समय पूर्व लोकहित में अथवा लिखित में रिकॉर्ड किए जाने योग्य कारणों से उसे सेवानिवृत्त किया गया है।

(3) पदच्युति या सेवा से हटाए जाने या अनिवार्य सेवानिवृत्ति या सेवा समाप्ति के मामले में औसत परिलब्धियों के प्रयोजन के लिए पूर्ववर्ती दस माह की अवधि की गणना बैंक से कर्मचारी की पदच्युति या सेवा से हटाए जाने या अनिवार्य सेवानिवृत्ति या सेवा समाप्ति की तारीख की जाएगी।

(4) यदि सेवा के अंतिम दस माह के दौरान कर्मचारी बिना वेतन असाधारण छुट्टी पर ड्यूटी से अनुपस्थित रहा है या निलंबित रहा है और उस अवधि की गणना सेवा के रूप में नहीं की गई है तो औसत परिलब्धियों की गणना करते समय असाधारण छुट्टी या निलंबन की उक्त अवधि को हिसाब में नहीं लिया जाएगा और उस मास से पहले की उतनी की अवधि उसमें सम्मिलित कर ली जाएगी।

अध्याय VII

कुटुम्ब पेंशन

37. कुटुम्ब पेंशन:-

(1) विनियम 13 में अंतर्विष्ट उपबंधों के होने पर, जहां यदि कर्मचारी की मृत्यु -

(क) एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी होने के पश्चात होती है, या

(ख) एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी होने से पहले होती है, परंतु संबंधित कर्मचारी की सेवा में या पद पर नियुक्ति होने से ठीक पहले बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की गई थी और उस बैंक में नियोजन के लिए उपयुक्त घोषित किया गया था, या

(ग) वह सेवानिवृत्ति के पश्चात और मृत्यु की तारीख को पेंशन या अनुकंपा भत्ता पा रहा था,

तो मृत कर्मचारी का कुटुम्ब, कुटुम्ब पेंशन का हकदार होगा, उक्त रकम का निर्धारण प्ररूप III के अनुसार किया जाएगा।

परन्तु उस कर्मचारी के संदर्भ में, जो बैंक की सेवा में 1 सितम्बर, 1987 को अथवा उसके बाद आया हो और उसकी मृत्यु सेवाकाल में 31 अक्तूबर , 1987 को अथवा उससे पहले हुई हो अथवा वह 31 अक्तूबर, 1987 को अथवा उससे पहले सेवानिवृत्त हुआ हो परन्तु मृत्यु बाद में हुई हो, तो मृत कर्मचारी का कुटुम्ब जो इन विनियमों के अधीन निधि का सदस्य बनने का विकल्प देगा और विनियम 3 के अनुसरण में राशि की वापसी इन विनियमों के अन्य उपबंधों के अधीन होगी, अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन के लिए पात्र होगा, जिसकी राशि प्ररूप V के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

(2) पेंशन की रकम मासिक दरों पर नियत की जाएगी और पूर्ण रुपए में व्यक्त की जाएगी और जहां पेंशन में रुपए का कोई भाग है, तो इसे अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किया जाएगा,

परंतु किसी भी दशा में पेंशन इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट अधिकतम पेंशन से अधिक नहीं होगी।

(3)(क) जहां किसी कर्मचारी जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम,1923 (1923 का 8) से शासित नहीं होता है,

(i) कम से कम सात वर्ष की निरंतर सेवा करने के पश्चात सेवाकाल में मृत्यु हो जाती है तो कुटुम्ब पेंशन की दर अंतिम आहरित वेतन के पचास प्रतिशत या उप विनियम (1) के अधीन अनुज्ञेय कुटुम्ब पेंशन के दुगुने के, इनमें से जो भी कम हो, बराबर होगी और इस प्रकार अनुज्ञेय रकम कर्मचारी की मृत्यु की तारीख के ठीक बाद से सात वर्ष की अवधि के लिए या उस तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जिस तारीख को मृत कर्मचारी यदि वह जीवित रहा होता तो पैंसठ वर्ष की आयु का हो जाता, इनमें से जो भी कम हो, संदेय होगी।

(ii) सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारी की मृत्यु की दशा में, इस उप-विनियम के उप-खंड (i) के अधीन यथा अवधारित कुटुम्ब पेंशन कर्मचारी की मृत्यु की तारीख के ठीक बाद की तारीख के सात वर्ष के लिए या उस तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जिस तारीख को सेवानिवृत्त मृत कर्मचारी, यदि वह जीवित रहा होता तो पैंसठ वर्ष की आयु का हो जाता, इनमें से जो भी कम हो, संदेय होगी।

परन्तु किसी भी मामले में उप-खंड-(i) और (ii) के अधीन निर्धारित कुटुम्ब पेंशन की राशि बैंक से उस कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त हुई पेंशन से अधिक नहीं होगी।

(ख) जहां किसी कर्मचारी, जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923(1923 का 8) से अभिशासित होता है, सात वर्ष से अन्यून की निरंतर सेवा करने के पश्चात सेवाकाल में मृत्यु हो जाती है तो कुटुम्ब पेंशन की दर अंतिम आहरित वेतन के पचास प्रतिशत या उप विनियम (1) के अधीन अनुज्ञात कुटुम्ब पेंशन के डेढ़ गुने, इनमें से जो भी कम हो, के बराबर होगी और यथा अनुज्ञेय पेंशन सात वर्षों अथवा मृत कर्मचारी के जीवित होने की दशा में पैंसठ वर्ष की आयु प्राप्त करने की तारीख तक की अवधि के लिए, इनमें से जो भी कम हो, संदेय की जाएगी।

(ग) खंड (क) और (ख) में निर्दिष्ट अवधि समाप्त होने के पश्चात वह कुटुम्ब जिसे इन खण्डों के अधीन कुटुम्ब पेंशन मिल रही है, उप विनियम (1) के अधीन अनुज्ञेय दर पर कुटुम्ब पेंशन का हकदार होगा।

38 कुटुम्ब पेंशन का संदाय :-

(1) जिस अवधि के लिए कुटुम्ब पेंशन संदेय होगा, वह अवधि होगी,

(क) संतानहीन विधवा के मामले में जीवन पर्यन्त अथवा सभी स्रोतों से उसकी स्वतंत्र आय 2550 रुपये अथवा इससे अधिक होने तक;

(ख) बच्चों सहित किसी विधवा या विधुर के मामले में मृत्यु या पुनर्विवाह की तारीख तक या जो भी पहले हो,

(ग) पुत्र अथवा पुत्री (विधवा अथवा तलाकशुदा पुत्री सहित) के मामले में, जब तक वह पुत्र अथवा पुत्री 25 वर्ष का न हो जाए अथवा जब तक उसका विवाह नहीं जाता अथवा पुत्री का पुनर्विवाह नहीं हो जाता, जो भी पहले हो:

परंतु उस पुत्र अथवा पुत्री को (विधवा अथवा तलाकशुदा पुत्री सहित) दिया जाने वाला कुटुम्ब पेंशन बंद कर दिया जायेगा अथवा स्वीकार्य नहीं होगा जब पात्र पुत्र अथवा पुत्री किसी भी स्रोत से प्रतिमाह 2550 रुपये से अधिक अर्जित करने लगेगा:

परंतु अविवाहित, विधवा अथवा तलाकशुदा पुत्री, जो 25 वर्ष की उम्र के बाद भी विवाहित अथवा पुनर्विवाहित नहीं है, कुटुम्ब पेंशन के लिए पात्र होगी यदि कुटुम्ब का कोई अन्य सदस्य नहीं है अथवा उसकी किसी भी स्रोत से आय 2550 रुपये प्रतिमाह से अधिक न हो:

(घ) यदि किसी कर्मचारी का पुत्र या पुत्री जो किसी मानसिक विकृति या अशक्तता से पीडित है या शारीरिक रूप से विकलांग या दिव्यांग है, तो वह 25 वर्ष की आयु होने के बाद भी जीविकोपार्जन में असमर्थ है तो ऐसे पुत्र या पुत्री को कुटुम्ब पेंशन निम्नलिखित शर्तों के अधीन आजीवन संदेय होगी शर्तों के अधीन कोई अन्य पात्र पारिवारिक सदस्य नहीं है :

परंतु यह कि –

(i) यदि ऐसा पुत्र या पुत्री कर्मचारी के दो या अधिक जीवित संतान में से एक है तो आरंभ में कुटुम्ब पेंशन का संदाय उप विनियम (3) में निर्धारित क्रम में अवयस्क संतानों को किया जाएगा जब तक कि अंतिम अवयस्क संतान 25 वर्ष की आयु का नहीं हो जाता और तत्श्चात कुटुम्ब पेंशन, मानसिक रूप से विकृत या अशक्तता से ग्रस्त अथवा शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त पुत्र या पुत्री के पक्ष में पुन: प्रारंभ की जाएगी और उसे आजीवन संदेय होगी,

(ii) यदि मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त या शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त एक से अधिक संतानें हैं तो उनकी जन्म की तारीख के क्रम में पेंशन का संदाय किया जाएगा और उनमें से कनिष्ठ संतान को कुटंम्ब पेंशन तभी मिलेगी जब उससे ठीक ज्येष्ठ संतान की पात्रता समाप्त हो जाती है और यदि जहां कुटंम्ब पेंशन ऐसी जुड़वाँ संतान को संदेय है, वहां इसका संदाय उप विनियम (4) में दी गई रीति से किया जाएगा।

(iii) उस दशा के सिवाय जिनमें शारीरिक रूप से विकलांग पुत्र या पुत्री वयस्क है, ऐसे पुत्र या पुत्री को संरक्षक के माध्यम से कुटुम्ब पेंशन का संदाय किया जाएगा मानो वह अवयस्क हो।

(iv) ऐसे पुत्र या पुत्री को आजीवन कुटुम्ब पेंशन मंजूर करने से पहले सक्षम प्राधिकारी अपना यह समाधान कर लेगा कि विकलांगता की प्रकृति ऐसी है कि वह जीविका उपार्जित करने में असमर्थ है और इसके लिए बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र साक्ष्य होगा, जिसमें संतान की सही शारीरिक या मानसिक स्थिति, यथासंभव, बताई गई होगी।

(v) ऐसे पुत्र या पुत्री के संरक्षक के रूप में कुटुम्ब पेंशन प्राप्त करने वाला व्यक्ति या बिना संरक्षक के माध्यम के कुटुम्ब पेंशन लेने वाला पुत्र या पुत्री प्रत्येक तीसरे वर्ष बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा कि वह अब भी मानसिक विकार या अशक्तता से ग्रस्त है या अब भी शारीरिक रूप से विकलांग या अशक्त है।

(vi) ऐसा पुत्र या पुत्री अपनी 2550 रुपए की जीविका उपार्जित करने लग जाता जाती है तो ऐसे मामलों में संरक्षक या पुत्र या पुत्री का यह कर्तव्य होगा कि वह प्रत्येक मास बैंक को यह प्रमाण-पत्र दे कि उसने जीविकोपार्जन करना आरंभ नहीं किया है अथवा पुत्री की दशा में उसका अभी विवाह नहीं हुआ है।

(ड.) माता पिता के मामले में कुटुम्ब पेंशन बंद कर दी जायेगी अथवा अस्वीकार्य होगी यदि दोनों में से किसी एक की आय अथवा दोनों की आय किसी भी स्रोत से 2550 रुपये प्रतिमाह से अधिक होती है:

परन्तु कुटुम्ब पेंशन पहले माता को दी जायेगी और उसकी मृत्यु के बाद पिता को दी जाएगी।

(2) यदि मृत कर्मचारी या पेंशनभोगी अपनी विधवा या विधुर को छोड़ जाता है तो कुटुम्ब पेंशन विधवा या विधुर को संदेय होगी और उनके न होने पर पात्र संतान को देय होगी या ऐसा न होने पर पात्र माता-पिता को देय होगी।

(3) संतान को कुटुम्ब पेंशन उनके जन्म की तारीख के क्रम में संदेय होगी और कनिष्ठतर संतान तब तक कुटुम्ब पेंशन के लिए पात्र नहीं होगी जब तक कि उससे ज्येष्ठतर संतान कुटुम्ब पेंशन पाने के लिए अपात्र नहीं हो जाती है।

(4) जहां कुटुम्ब पेंशन का संदाय जुड़वां संतान को किया जाना है वहां ऐसी संतानों को उसका संदाय समान भागों में किया जाएगा।

परंतु यह कि जहां ऐसा कोई बच्चा पात्र नहीं होता है उसका हिस्सा दूसरे बच्चे को चला जाएगा और जहां दोनों ही बच्चे पात्र नहीं हैं, जैसा भी मामला हो कुटुम्ब पेंशन अगले पात्र एकल अथवा जुड़वां बच्चों को चला जाएगा।

(5) जहां कुटुम्ब पेंशन इस विनियम के अधीन अवयस्क को मंजूर की जाती है वहां अवयस्क के विभिन्न संरक्षक को संदेय होगी।

(6) उस दशा में जब पति और पत्नी दोनों बैंक के कर्मचारी हैं और इस विनियम के उपबंधों द्वारा शासित हैं और उनमें से एक की मृत्यु सेवाकाल में या सेवानिवृत्ति के पश्चात हो जाती है तो मृत कर्मचारी की बावत कुटुम्ब पेंशन, यथास्थिति, उत्तरजीवी पति या पत्नी को संदेय होगी और पति या पत्नी की मृत्यु होने पर मृत माता पिता के संबंध में उत्तरजीवी संतान या संतानों को दो कुटुम्ब पेंशनों की मंजूरी नीचे विनिर्दिष्ट सीमाओं के अधीन रहते हुए की जाएगी, अर्थात्:

(क) यदि उत्तरजीवी संतान या संताने विनियम 37 के उप विनियम (3) के खण्ड (क) और खण्ड (ख) के उप खण्ड (I) में उल्लिखित दरों पर दो कुटुम्ब पेंशनों को पाने के पात्र हैं, दोनों पेंशन की राशि निम्न प्रकार सीमित की जायेगी –

(i) उस कर्मचारी के संदर्भ में 2500 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 1992 से पहले या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(ii) उस कर्मचारी के संदर्भ में 4800 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 1992 के बाद (अधिकारी से भिन्न कर्मचारी के मामले में) अथवा 1 जुलाई, 1993 को या इसके बाद (अधिकारी के मामले में) या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(iii) उस कर्मचारी के संदर्भ में 6756 रुपये प्रतिमाह, जो 1 अप्रैल, 1998 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(iv) उस कर्मचारी के संदर्भ में 9565 रुपये प्रतिमाह, जो 1 मई, 2005 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(v) उस कर्मचारी के संदर्भ में 11856 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 2007 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(ख) यदि इनमें से कोई कुटुम्ब पेंशन विनियम 37 के उप-विनियम (3) के खण्ड (क) या खंड (ख) में उल्लिखित दरों पर देय न हो, तो इसके बदले विनियम (37) के उप-विनियम (1) में उल्लिखित दर पर कुटुम्ब पेंशन देय होगी, दोनों पेंशन की राशि निम्न प्रकार सीमित की जायेगी-

(i) उस कर्मचारी के संदर्भ में 2500 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 1992 (अधिकारी से भिन्न कर्मचारी के मामले में) से पहले अथवा 1 जुलाई, 1993 (अधिकारी के मामले में) से पहले या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(ii) उस कर्मचारी के संदर्भ में 4800 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 1992 के बाद (अधिकारी से इत्तर कर्मचारी के मामले में) अथवा 1 जुलाई, 1993 को या इसके बाद (अधिकारी के मामले में) या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(iii) उस कर्मचारी के संदर्भ में 6756 रुपये प्रतिमाह, जो 1 अप्रैल, 1998 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(iv) उस कर्मचारी के संदर्भ में 9565 रुपये प्रतिमाह, जो 1 मई, 2005 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(v) उस कर्मचारी के संदर्भ में 11856 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 2007 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(ग) यदि दोनों कुटुम्ब पेंशन विनियम 37 के उप-विनियम(1) में उल्लिखित दरों पर देय है तो दोनों पेंशन की राशि निम्न प्रकार सीमित की जायेगी-

(i) उस कर्मचारी के संदर्भ में 1250 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 1992 (अधिकारी से भिन्न कर्मचारी के मामले में) अथवा 1 जुलाई, 1993 (अधिकारी के मामले में) से पहले या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(ii) उस कर्मचारी के संदर्भ में 2400 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 1992 के बाद (अधिकारी से भिन्न कर्मचारी के मामले में) अथवा 1 जुलाई, 1993 को या इसके बाद (अधिकारी के मामले में) या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(iii) उस कर्मचारी के संदर्भ में 3378 रुपये प्रतिमाह, जो 1 अप्रैल, 1998 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(iv) उस कर्मचारी के संदर्भ में 4783 रुपये प्रतिमाह, जो 1 मई, 2005 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(v) उस कर्मचारी के संदर्भ में 5928 रुपये प्रतिमाह, जो 1 नवम्बर, 2007 को या उसके बाद या तो सेवानिवृत्त हो गया हो या उसकी मृत्यु हो गई हो ;

(घ) (i) जहां कुटुम्ब पेंशन एक से अधिक विधवाओं को संदेय है वहां कुटुम्ब पेंशन का सभी विधवाओं को समान भागों में संदाय किया जाएगा।

(ii) किसी विधवा की मृत्यु होने पर उसके अंश की कुटुम्ब पेंशन उसकी पात्र संतान को संदय होगी।

परंतु यदि विधवा के कोई उत्तरजीवी संतान नहीं है तो उसके अंश की कुटुंब पेंशन व्यपगत नहीं होगी किंतु वह अन्य विधवाओं को समान भागों में संदेय होगी और यदि इस प्रकार की केवल एक ही विधवा जीवित रहती है तो पेंशन की संपूर्ण रकम उसे संदेय होगी।

(iii) यदि मृत कर्मचारी या पेंशनभागी की उत्तरजीवी एक विधवा है किंतु उसकी दूसरी पत्नी से, जो जीवित नहीं है, पात्र संतान कुटुंब पेंशन के उस अंश के लिए पात्र होंगे जो कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु के समय उस संतान या संतानों की माता को यदि वह जीवित होती तो मिलता।

परंतु यह कि जब इस प्रकार की संतान या संतानों या विधवा या विधवाओं को कुटुंब पेंशन का अंश संदेय नहीं होता है, तब वह रकम व्यपगत नहीं होगी बल्कि वह दूसरी विधवा या विधवाओं को जो इसके लिए अन्यथा पात्र होंगी, समान भागों में संदेय होगी यदि केवल एक ही विधवा या संतान हो तो उसे पूरी रकम संदेय होगी।

(iv) यदि मृत कर्मचारी या पेंशनभोगी की उत्तरजीवी एक विधवा है किन्तु उसकी तलाकशुदा पत्नी अथवा पत्नियों से एक या अधिक संतान जीवित है तो संतान कुटुंब पेंशन के उस अंश के लिए पात्र होंगे जो कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु के पश्चात् उस संतान की माता को तब तक मिलता हे जब तक उनका तलाक न हुआ हो;

परंतु यह कि जब इस प्रकार की संतान या संतानों या विधवा या विधवाओं को कुटुंब पेंशन का अंश संदेय नहीं होता है तब वह रकम व्यपगत नहीं होगी बल्कि वह दूसरी विधवा या विधवाओं को जो इसके लिए अन्यथा पात्र होंगी, समान भागों में संदेय होगी यदि केवल एक ही विधवा या संतान हो तो उसे पूरी रकम संदेय होगी।

(7) जहां कर्मचारी की मृत्यु के बाद वह न्यायिक पृथककरण अलग हुए पति अथवा पत्नी छोड़कर जाता है, जिसकी कोई संतान या संतानें नहीं हैं, तो मृत कर्मचारी के संबंध में कुटुंब पेंशन उत्तरजीवी व्यक्ति को दिया जायेगा यदि ऐसे पति या पत्नी का विवाह न हुआ हो:

परंतु यह कि जहां न्यायिक रूप से पृथककरण जारकर्म के आधार पर प्रदान किया गया हो और कर्मचारी की मृत्यु ऐसे न्यायिक पृथककरण के दौरान हुई हो तो उत्तरजीवि व्यक्ति को कुटुम्ब पेंशन देय नहीं होगी, यदि वह जारकर्म का दोषी पाया गया हो।

(8) (क) जहां किसी महिला या पुरुष कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है और वह अपने न्यायिक पृथककरण द्वारा पति या विधवा छोड़ जाता या जाती है, जिसकी एक या अधिक संतान हैं वहाँ मृत कर्मचारी की बाबत संदेय कुटुंब पेंशन उत्तरजीवी को संदेय होगी परंतु जब वह ऐसी संतान का संरक्षक हो।

(ख) जहां उत्तरजीवी व्यक्ति ऐसी संतान का संरक्षक नहीं रह गया है वहां कुटुंब पेंशन इस प्रकार की संतान के वास्तविक संरक्षक को संदेय होगी।

(9) यदि कुटुंब पेंशन के लिए पात्र पुत्र या अविवाहित पुत्री अठारह वर्ष की हो जाती है तो कुटुंब पेंशन का संदाय सीधे ऐसे पुत्र या अविवाहित पुत्री को किया जाएगा।

(10) (क) यदि कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु की दशा में इन विनियमों के अधीन कुटुम्ब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र किसी व्यक्ति पर उस कर्मचारी की हत्या करने का या ऐसे अपराध के दुष्प्रेरण का आरोप लगाया जाता है तो कुटुंब के अन्य पात्र सदस्य या सदस्यों सहित ऐसे व्यक्ति के कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के दावे को उसके विरुद्ध संस्थित दांडिक कार्यवाहियाँ समाप्त होने तक निलंबित रखा जाएगा।

(ख) यदि खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट दांडिक कार्यवाहियों के समाप्त होने पर संबद्ध व्यक्ति –

(i) कर्मचारी की हत्या करने या हत्या के दुष्प्रेरण के लिए दोषी ठहराया जाता है तो उसे कुटुंब पेंशन से विवर्जित कर दिया जाएगा और कर्मचारी की मृत्यु की तारीख से कुटुंब पेंशन कुटुंब के अन्य पात्र सदस्यों को संदेय होगी।

(ii) कर्मचारी की हत्या या हत्या के लिए दुष्प्रेरण के अपराध से दोषमुक्त किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति को बैंक कर्मचारी की मृत्यु की तारीख से कुटुंब पेंशन संदेय होगी।

(ग) उप-खण्ड (क) और (ख) के उपबंध किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के पश्चात् उसकी मृत्यु पर संदेय होने वाली कुटुंब पेंशन पर भी लागू होंगे।

अध्याय VIII

संराशीकरण

39. संराशीकरणः-

(1) कोई कर्मचारी एकमुश्त संदाय के लिए अपनी पेंशन के एक तिहाई भिन्न से अनधिक भाग के संराशीकरण का हकदार होगा।

परन्तु यह है कि कर्मचारी के मामले में जो प्रभावी तिथि के पहले सेवा में था परंतु अधिसूचित तिथि के पहले उसके सेवानिवृत्ति के बाद मृत्यु हो गयी हो, ऐसे कर्मचारी का कुटुम्ब भी, कर्मचारी को अनुज्ञात पेंशन के लिए एक तिहाई भाग से अनधिक भिन्न के संराशीकण का हकदार होगा।

(2) कर्मचारी यह उपदर्शित करेगा कि वह पेंशन के किस भिन्नांश को संराशीकरण के लिए निर्देशित करेगा, संराशीकरण के लिए या तो वह पेंशन की एक तिहाई भाग अर्थात् अधिकतम सीमा को उपदर्शित कर सकता है अथवा इससे कम सीमा तक अपनी इच्छानुसार संराशीकरण करा सकता है।

(3) यदि संराशीकरण के लिए पेंशन का भिन्न एक रुपये का अंश हो तो संराशीकरण के प्रयोजन के लिए इसे छोड़ दिया जाएगा।

(4) किसी आवेदक को संदेय एकमुश्त रकम की संगणना नीचे दी गई सारणी के अनुसार की जाएगी।

सारणी

एक रुपया प्रति वर्ष की पेंशन के लिए संराशीकरण मूल्य

अगली जन्म तिथि पर आयु	वर्ष की क्रय संख्या के रूप में अभिव्यक्त संराशीकरण मूल्य
(1)	(2)
17	19.28
18	19.20
19	19.11
20	19.01
21	18.91
22	18.81
23	18.70
24	18.59
25	18.47
26	18.34
27	18.21
28	18.07
29	17.93
30	17.78
31	17.62
32	17.46
33	17.29
34	17.11

35	16.92
36	16.72
37	16.52
38	16.31
39	16.09
40	15.87
41	15.64
42	15.40
43	15.15
44	14.90
45	14.64
46	14.37
47	14.10
48	13.82
49	13.54
50	13.25
51	12.95
52	12.66
53	12.35
54	12.05
55	11.73
56	11.42
57	11.10
58	10.78
59	10.46
60	10.13
61	9.81
62	9.48
63	9.15
64	8.82
65	8.50
66	8.17
67	7.85
68	7.53

69	7.22
70	6.91
71	6.60
72	6.30
73	6.01
74	5.72
75	5.44
76	5.17
77	4.90
78	4.65
79	4.40
80	4.17
81	3.94
82	3.72
83	3.52
84	3.32
85	3.13

टिप्पण:

1. उपर्युक्त सारणी पेंशनभोगी की अगली जन्म तिथि पर उसकी आयु के संदर्भ में वर्ष की क्रय संख्या के रूप में अभिव्यक्त पेंशन संराशीकरण मूल्य दर्शाती है।

2. अट्ठावन वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी के मामले में संराशीकृत मूल्य 10.46 वर्ष का क्रय है, और यदि वह अपनी सेवा निवृत्ति से एक वर्ष के भीतर अपनी मासिक पेंशन से रुपये एक सौ संराशित करता है, तो उसे संदेय राशि रु. 100 x 10.46 x 12 = 12.552 होगी।

(5) कोई कर्मचारी जिसने अपनी पेंशन के अनुज्ञात भाग का संराशीकरण किया है, संराशीकरण की तारीख से 15 वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् संराशीकृत भाग की पेंशन को पुनः प्राप्त करने का हकदार होगा।

(6) कोई आवेदक जो अधिवर्षिता पेंशन, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेंशन, समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन, अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन, अशक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता के लिए प्राधिकृत है, इन विनियमों के अधीन अपनी पेंशन के भिन्न का संराशीकरण कराने का हकदार होगा।

परन्तु यह कि 1 जुलाई, 2003 अथवा किसी आवेदक जिसमें मामले में सेवानिवृत्त की तारीख के पश्चात और उस तारीख से, जिस तारीख को पेंशन का संराशीकरण देय हो जाता है, संराशीकरण के कारण पेंशन की राशि में कटौती इसके आरंभ से लागू हो जाएगा और जहां सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात प्रथम माह के भीतर और उस तारीख के पश्चात प्रथम माह के भीतर जबकि संराशीकरण देय हो जाता है सामान्य मासिक पेंशन और संराशीकरण पेंशन के बीच का अंतर उस तारीख और संराशीकरण की देय तारीख के बीच की अवधि के लिए भुगतान किया जाएगा और संराशीकृत पेंशन का भुगतान सेवानिवृत्ति की तारीख के बीच की अवधि के लिए जाएगा या तब किया जाएगा, जब पेंशन के संराशीकृत मूल्य का भुगतान नहीं किया जा सकेगा, संराशीकरण देय हो जाता है और उस तारीख की पिछली तारीख को पेंशन के संराशीकृत मूल्य का भुगतान किया गया है।

(7) ऐसे पेंशनभोगी की दशा में जो अधिवर्षिता पेंशन या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पेंशन या समयपूर्व सेवानिवृत्ति पेंशन का पात्र है, कोई चिकित्सीय जांच आवश्यक नहीं होगी, यदि आवेदक संराशीकरण के लिए आवेदन सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष

के भीतर देता है, तो यदि ऐसा पेंशनभोगी सेवानिवृत्ति से एक वर्ष के पश्चात पेंशन के संराशीकरण के लिए आवेदन करता है, तो उसकी अनुमति चिकित्सीय परीक्षा के अधीन होगी।

परन्तु यह है कि आवेदक के मामले में जो विनियम 44 के तहत अनंतिम पेंशन प्राप्त करता है और जिसके लिए पेंशन विभागीय अथवा न्यायिक कार्यवाहियों के निश्चयात्मकता पर पूर्ण अथवा एक मार्ग में प्राधिकृत किया गया है, यह उप-विनियमन में उद्धृत एक वर्ष अवधि विभागीय अथवा न्यायिक कार्यवाहियों के अंतिम होने के क्रम में आदेशों के जारी होने की तिथि से माना जाएगा।

(8) कोई आवेदक जो –

(i) विनियम 28 के अधीन अशक्त पेंशन पर सेवानिवृत्त होता है, या

(ii) विनियम 29 के अधीन अनुकंपा भत्ता प्राप्त करता है, या

(iii) बैंक द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया गया है और विनियम 31 के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन पाने का पात्र है।

उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट सीमा के अधीन रहते हुए पेंशन किसी भिन्न संराशीकरण के लिए पात्र तभी होगा जब बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसे स्वस्थ घोषित कर दिया जाए।

(9) ऐसे किसी कर्मचारी की दशा में –

(i) जो अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक आधार पर सेवानिवृत्ति होकर सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व पेंशन के संराशीकरण के लिए आवेदन करता है, पेंशन का संराशीकरण सेवानिवृत्ति की तारीख के ठीक बाद की तारीख को पूर्ण होगाः

परंतु यह कि विनियम 27 उप विनियम (3) द्वारा शासित कर्मचारी अपनी पेंशन के किसी भाग के संराशीकरण के लिए 3 मास की सूचना की अवधि समाप्त होने के पूर्व आवेदन नहीं करेगा और पेंशन का संराशीकरण विनियम 27 उप विनियम (1) में दी गई सूचना की अवधि के समाप्त होने के पश्चात ही पूर्ण होगा।

(ii) जो अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक आधार पर या सेवानिवृत्त होकर या समयपूर्व सेवानिवृत्त होकर सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात किंतु सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर यदि वह पेंशन के संराशीकरण के लिए आवेदन करता है सक्षम प्राधिकारी द्वारा संराशीकरण के लिए आवेदन प्राप्त करने की तारीख को करता है;

(iii) जो अधिवर्षिता पर या स्वैच्छिक आधार पर सेवानिवृत्त होकर या समयपूर्व सेवानिवृत्त होकर यदि वह सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष के बाद संराशीकरण के लिए आवेदन करता तो पेंशन का संराशीकरण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सीय प्रमाण-पत्र की तारीख को पूर्ण होगा।

(iv) जो 1 सितम्बर, 1987 और 31 मार्च, 2010 तक सेवा में था और 31 मार्च, 2018 तक या पहले सेवानिवृत्त हुआ है और जो इन विनियमों के तहत निधि के सदस्य बनने का विकल्प लिया है, तो विनियम (3) के उप-विनियम (1) में विशिष्ट अवधि के भीतर 1 अप्रैल, 2018 तक जहां जानकारी हेतु आवेदन सेवानिवृत्ति की तिथि से एक वर्ष के भीतर प्ररूप VI में और अन्य मामले में प्ररूप VII और प्ररूप VIII में किया गया है।

(v) जो पहली अप्रैल, 2018 को या उसके पश्चात बैंक की सेवा में था परंतु जो इन विनियमों के प्रकाशन के पूर्व सेवानिवृत्त हो गया है, यदि विनियम 3 के उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्ररूप VI में आवेदन करता है तो पेंशन का संराशीकरण उसके सेवानिवृत्त होने की तारीख के ठीक बाद के दिन पूर्ण होगा।

(vi) जो पहली अप्रैल, 2018 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होता है परंतु अधिसूचित तारीख से पूर्व जिसकी मृत्यु हो जाती है, यदि प्ररूप VI में मृत कर्मचारी के कुटुम्ब द्वारा उनकी मृत्यु के एक वर्ष के भीतर विनियम 3 के उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर संराशीकरण के लिए आवेदन किया गया है तो पेंशन का संराशीकरण उसके सेवानिवृत्त होने की तारीख के ठीक बाद के दिन पूर्ण होगा।

(vii) जिसकी बाबत विनियम 28 के अधीन अशक्त पेंशन या विनियम 29 के अधीन अनुकंपा भत्ता या विनियम 31 के अधीन अनिवार्य सेवानिवृत्ति पेंशन अनुज्ञेय है, पेंशन का संराशीकरण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिए गए चिकित्सा प्रमाण पत्र की तारीख को पूर्ण होगा।

अध्याय IX

सामान्य शर्तें

40. पेंशन भविष्य में अच्छे आचरण के अध्यधीन:-

इन विनियमों के अंतर्गत प्रत्येक पेंशन की मंजूरी तथा इन्हें जारी रखे जाने हेतु भविष्य में अच्छा आचरण एक अंतर्निहित शर्त होगी।

41. पेंशन रोकना या प्रत्याहूत करना:-

यदि कोई पेंशनभोगी किसी गंभीर अपराध या आपराधिक न्यासभंग या कूटरचना या कपटपूर्ण कार्य करने के लिए दोषी ठहराया गया है या किसी गंभीर अवचार का दोषी पाया गया है तो सक्षम प्राधिकारी, पेंशन या उसके किसी भाग को, लिखित आदेश द्वारा, स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए रोक सकेगा या प्रत्याहूत कर सकेगा।

परन्तु यह कि जहां पेंशन का कोई भाग रोक लिया जाता है या प्रत्याहूत कर लिया जाता है, वहां ऐसी पेंशन की रकम इतनी कम नहीं की जाएगी कि वह इन विनियमों के अधीन संदेय न्यूनतम पेंशन की रकम से कम हो जाए।

42. न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध:-

जहां कोई पेंशनभोगी किसी न्यायालय द्वारा किसी गंभीर अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया है, वहां कार्रवाई न्यायालय की ऐसी दोषसिद्ध से संबंधित निर्णय को ध्यान में रखकर की जाएगी।

43. गंभीर अवचार के लिए दोषी पेंशनभोगी:-

किसी ऐसे मामले में जो विनियम 42 के अधीन नहीं आता है, यदि सक्षम प्राधिकारी का यह विचार है कि पेंशनभोगी गंभीर अवचार का प्रथम दृष्टया दोषी है तो कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व, यथास्थिति, वह सेवा विनियमों में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण करेगा।

44. अनंतिम पेंशन:-

(1) यदि कोई ऐसा कर्मचारी या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर या अन्यथा सेवानिवृत्त हुआ है और जिसके विरुद्ध कोई विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां संस्थित की गई हैं या जहां विभागीय कार्यवाहियां चल रही हैं, वहां उसको दी जा सकने वाली अधिकतम पेंशन के बराबर अनंतिम पेंशन की अनुमति उसे, कार्यवाहियों के समाप्त होने पर अनुज्ञात किए जाने वाले सेवानिवृत्त फायदों के समायोजन के अधीन दी जाएगी किन्तु यदि अंतिम रूप से मंजूर पेंशन, अनंतिम पेंशन से कम है या पेंशन को स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए कम कर दिया गया है या रोक लिया गया है तो कोई वसूली नहीं की जाएगी।

(2) उप विनियम (1) में निर्दिष्ट मामले में उपदान का संदाय कार्यवाहियों के समाप्त हो जाने पर कर्मचारी को किया जाएगा और किसी भी कर्मचारी से वसूल की जाने वाली धनराशि का समायोजन उसे संदेय उपदान की रकम से किया जाएगा।

स्पष्टीकरण – इस अध्याय में

(क) 'गंभीर अपराध' में ऐसा अपराध आता है जिसमें शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 (1923 का 19) के अधीन कोई अपराध सम्मिलत है।

(ख) 'गंभीर अवचार' में कोई गुप्त शासकीय संकेत को या संकेत शब्द या किसी रेखा चित्र, रेखांक, प्रतिमान, चीज, टिप्पण, दस्तावेज या जानकारी को, जैसे की शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 (1923 का 19) की धारा 5 में वर्णित है, जो की बैंक के अधीन किसी पद को धारण करते समय प्राप्त हुई थी, संसूचित या प्रकट करना है जिससे कि जनसाधारण के हितों पर या राज्य की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े सम्मिलित है।

(ग) 'कपटपूर्ण' का अर्थ वही होगा जो भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 25 के अधीन है।

(घ) 'आपराधिक न्यास भंग' का अर्थ वही होगा जो भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 405 के अधीन दिया गया है।

(ड.) 'कूट रचना' का अर्थ वही होगा जो भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 463 के अधीन है।

45. विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों के दौरान पेंशन का संराशीकरण:-

कोई कर्मचारी जिसके विरुद्ध विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व संस्थित की गई हैं या जिसके विरुद्ध उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख के पश्चात ऐसी कार्यवाहियां संस्थित की गई हैं ऐसी कार्यवाहियों के विचाराधीन रहने के दौरान, यथास्थिति, अपनी पेंशन या अनंतिम पेंशन के किसी भाग का इन विनियमों के अधीन प्राधिकृत संराशीकरण का पात्र नहीं होगा।

46. बैंक को पहुंचाई गई धन संबंधी हानि की वसूली:-

(1) यदि किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाही में किसी पेंशनभोगी को अपनी सेवा की अवधि के दौरान गंभीर अवचार या उपेक्षा या आपराधिक न्यासभंग या कूटरचना या कपटपूर्ण व्यवहार का दोषी पाया जाता है तो पेंशनभोगी के कारण बैंक को हुई धन संबंधी हानि के लिए सक्षम प्राधिकारी स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उसकी पेंशन या उसके किसी भाग को रोक सकता है, प्रत्याहूत कर सकता है और पूरी रकम या उसके किसी भाग को पेंशन से वसूल करने का आदेश दे सकता है।

परन्तु यह कि इस उप-विनियम के अंतर्गत किसी अंतिम आदेश को पारित करने से पूर्व बोर्ड से परामर्श किया जाएगा।

परन्तु यह और भी कि जहां पेंशन का एक भाग रोका गया है अथवा आहरित किया गया है, पेंशनभोगी द्वारा आहरित पेंशन की राशि इन विनियमों के अंतर्गत न्यूनतम देय पेंशन से कम नहीं होगी।

परन्तु यह और कि विभागीय कार्यवाहियां यदि कर्मचारी के सेवाकाल में संस्थित की गई थी तो कर्मचारी के सेवानिवृत्त हो जाने पर वे इस विनियम के अधीन कार्यवाहियां समझी जाएंगी और इन कार्यवाहियों को प्रारंभ करने वाले प्राधिकारी द्वारा उन्हें इस प्रकार चालू रखा जाएगा और पूरा किया जाएगा मानो कर्मचारी सेवा में बना हुआ है।

(2) वैसी घटना के संबंध में कोई विभागीय कार्यवाही प्रारंभ नहीं की जाएगी जहां ऐसी घटना के बाद चार वर्ष का समय बीत गया हो।

परन्तु यह कि इस उप-विनियम के अंतर्गत प्रारंभ की गई विभागीय कार्यवाही उनकी सेवा अवधि के दौरान कर्मचारी के संबंध में विभागीय कार्यवाही हेतु लागू प्रक्रिया के अनुरूप होगा।

(3) जहां सक्षम प्राधिकारी धन संबंधी हानि की वसूली पेंशन में से करने का आदेश देता है वहां ऐसी वसूली सामान्यतया सेवानिवृत्ति की तारीख को अनुज्ञेय पेंशन के एक तिहाई भाग से अधिक दर पर नहीं की जाएगी।

47. बैंक को शोध्य राशियों की वसूली:-

बैंक पेंशन के संराशीकरण मूल्य या मासिक पेंशन या कुटुम्ब पेंशन से बैंक को देय आवास ऋण, अग्रिम, अनुज्ञप्ति फीस, अन्य वसूलियों और कर्मचारी राहकारी प्रत्यय सोसाइटी का देय शोध्य राशियों की वसूली करने का हकदार होगा।

48. सेवानिवृत्ति के पश्चात वाणिज्यिक नियोजन:

(1) यदि कोई पेंशनभागी अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले अधिकारी का पद धारण कर रहा था अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति से पूर्व कोई वाणिज्यिक नियोजन स्वीकार करना चाहता है तो वह ऐसी स्वीकृति के लिए बैंक की पूर्व मंजूरी प्राप्त करेगा और उप-विनियम (2) के उपबंध के अध्यधीन बैंक लिखित आदेश के द्वारा ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जिन्हें आवश्यक माना जाए, अनुमति प्रदान करेगा या लिखित रूप में अभिलेखबद्ध कारणों से अनुमति देने से मना कर सकता है।

(2) किसी पेंशनभोगी को कोई वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करने के लिए विनियम (1) के अधीन अनुज्ञा देने या देने से इनकार करने में, बैंक निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेगा, अर्थात:

(क) ग्रहण किए जाने के लिए प्रस्तावित नियोजन की प्रकृति और कर्मचारी का पूर्ववृत्त;

(ख) क्या उस नियोजन में जो वह ग्रहण करने का प्रस्ताव करता है, उसके कर्तव्य ऐसे हो सकते हैं जिनसे उसका बैंक के साथ विरोध हो,

(ग) क्या पेंशनभोगी की जब वह सेवा में था तब उस नियोजक के साथ, जिसके अधीन वह नियोजन चाहता हैं ऐसा व्यवहार था कि जिससे यह संदेह करने के लिए यह युक्तियुक्त आधार बनता है कि ऐसे पेंशनभोगी ने ऐसे नियोजक के प्रति पक्षपात किया था,

(घ) क्या प्रस्तावित वाणिज्यिक नियोजन के कर्तव्यों में बैंक के साथ सम्पर्क या संबंध अंतर्वलित है,

(ङ.) क्या उसके वाणिज्यिक कर्तव्य ऐसे होंगे कि बैंक के अधीन उसकी पूर्ववर्ती पदीय स्थिति या ज्ञान या अनुभव का प्रस्तावित नियोजन को अनुचित फायदा देने के लिए प्रयोग किया जा सकता है,

(च) प्रस्तावित नियोजक द्वारा प्रस्थापित परिलब्धियां, और

(छ) कोई अन्य सुसंगत बात

(3) जहां उप-विनियम (4) के अधीन किसी आवेदन की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन की कालावधि के भीतर बैंक आवेदित अनुज्ञा देने से इनकार नहीं करता है या आवेदक को इनकार किए जाने की संसूचना नहीं देता है वहां यह समझा जाएगा कि बैंक ने आवेदक को अनुज्ञा दे दी है।

परन्तु किसी ऐसी दशा में जहां आवेदक द्वारा त्रुटिपूर्ण या अपर्याप्त सूचना दी जाती है और बैंक के लिए उससे और स्पष्टीकरण या जानकारी मांगना आवश्यक हो जाता है, वहां 60 दिन की अवधि की गणना उस तारीख से की जाएगी जिस तारीख को आवेदक द्वारा त्रुटियां दूर की गई हैं या पूर्ण जानकारी दी गई है।

(4) जहां बैंक आवेदित अनुज्ञा किन्हीं शर्तों के अधीन रहते हुए देता है या ऐसी अनुज्ञा देने से इनकार करता है वहां आवेदक उस आशय के बैंक के आदेश की प्राप्ति के 30 दिन के भीतर किसी ऐसी शर्त या इनकार किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन कर सकेगा और बैंक उस पर ऐसे आदेश कर सकेगा जो वह ठीक समझे।

परन्तु इस उप-विनियम के अधीन ऐसी किसी शर्त को रद्द करने वाले या बिना किसी शर्त के ऐसी अनुज्ञा वाले किसी आदेश के भिन्न कोई आदेश, अभ्यावेदन करने वाले पेंशनभोगी को प्रस्तावित आदेश के विरुद्ध कारण दर्शित करने का अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा।

(5) यदि कोई पेंशनभोगी बैंक की पूर्व अनुज्ञा के बिना अपनी सेवानिवृत्ति तारीख से दो वर्ष समाप्ति के पूर्व किसी समय कोई वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करता है या किसी ऐसी शर्त को भंग करता है जिसके अधीन कोई वाणिज्यिक नियोजन ग्रहण करने की अनुज्ञा उसे इस विनियम के अधीन दी गई है तो बैंक लिखित आदेश द्वारा और उसमें लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों के आधार पर यह घोषणा करने के लिए सक्षम होगा कि वह सम्पूर्ण पेंशन या उसके ऐसे भाग का ऐसी कालावधि के लिए जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए हकदार नहीं होगा।

परन्तु ऐसा कोई आदेश संबंधित पेंशनभोगी को ऐसी घोषणा के विरुद्ध कारण दर्शित करने का अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा।

परन्तु यह और कि इस उप-विनियम के अधीन कोई आदेश करने में बैंक निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेगा:

(i) संबंधित पेंशनभोगी की वित्तीय परिस्थितियां;

(ii) संबंधित पेंशनभोगी द्वारा ग्रहण किए वाणिज्यिक नियोजन की प्रकृति और उससे प्राप्त होने वाली परिलब्धियां

(iii) कोई अन्य संगत बात।

6. बैंक द्वारा इस नियम के अधीन पारित किया गया प्रत्येक आदेश संबंधित पेंशनभोगी को संसूचित किया जाएगा।

7. इस विनियम में वाणिज्यिक नियोजन से -

(i) व्यापारिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, वित्तीय या वृत्तिक कारोबार लगी हुई किसी कंपनी (बैंकिंग कंपनी सहित) सहकारी सोसाइटी फर्म या व्यष्टि के अधीन अभिकर्ता सहित किसी भी हैसियत में कोई नियोजन अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत ऐसी कंपनी का निदेशकत्व (बैंकिंग कंपनी सहित) और ऐसी फर्म की भागीदारी भी है किन्तु ऐसी निगमित निकाय के अधीन नियोजन इसके अंतर्गत नहीं है जिस पर केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार का पूर्णत: या अधिकांशत: स्वामित्व या नियंत्रण है।

(ii) स्वतंत्र रूप से अथवा किसी फर्म के भागीदार के रूप में ऐसे मामलों में सलाहकार या परामर्शदाता के रूप में व्यवसाय स्थापित करना अभिप्रेत है जिनकी बावत पेंशनभोगी –

(क) के पास कोई वृत्तिक अर्हताएं नहीं हों और जिन विषयों की बावत व्यवसाय करना है या चलाना है उनका संबंध उसके पदीय ज्ञान या अनुभव से माना जा सकता है, या

(ख) के पास वृत्तिक अर्हताएं हैं किन्तु जिन विषयों की बावत ऐसा व्यवसाय करना है वे ऐसे हैं कि उसकी पूर्ववर्ती पदीय स्थिति के कारण उसके ग्राहकों को अनुचित फायदा होना अधिसंभाव्य हो, या

(ग) को ऐसा काम करना होगा जिसमें बैंक के कार्यालयों या अधिकारियों के साथ सम्पर्क या संबंध स्थापित करना पड़ सकता हो।

स्पष्टीकरण: इस खंड के प्रयोजन के लिए 'सहकारी सोसाइटी के अधीन नियोजन' के अधीन किसी पद का चाहे व निर्वाचित हो अन्यथा धारण करना आता है, जैसे अध्यक्ष सभापति, प्रबंधक, सचिव, कोषपाल आदि चाहे उस सोसाइटी में वह किसी भी नाम से ज्ञात हो।

49. नामनिर्देशन:

(1) न्यास इन विनियमों द्वारा शासित प्रत्येक कर्मचारी को ऐसा नामनिर्देशन करने के लिए अनुज्ञात करेगा जिसमें पेंशनिक फायदों की रकम संदेय होने या संदेय हो जाने के पश्चात संदत्त न किए जाने के पूर्व उसकी मृत्यु हो जाने की दशा में इन विनियमों की अधीन पेंशन संबंधी फायदों की रकम प्राप्त न करने का अधिकार एक या एक से अधिक व्यक्तियों को प्रदान किया गया हो और ऐसे नामनिर्देशन ऐसे प्रपत्र में किए जा सकेंगे जो समय-समय पर बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएं।

(2) यदि कोई कर्मचारी उप-विनियम (1) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों का नाम निर्देशन करता है तो वह नाम निर्देशन में नामनिर्देशिती में से प्रत्येक को संदेय अंश की रकम इस रीति से विनिर्दिष्ट करेगा कि उसके अंतर्गत उसकी मृत्यु के पश्चात संदेय सम्पूर्ण पेंशनिक फायदे की रकम आ जाए।

(3) किसी कर्मचारी द्वारा किए गए नाम निर्देशन का, न्यास को बैंक द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्ररूप में लिखित सूचना देकर किसी भी समय उपांतरण किया जा सकता है या प्रति संहरण किया जा सकता है।

(4) कोई नामनिर्देशन अथवा उसके प्रति संहरण या उपांतरण न्यास को प्राप्त होने की तारीख से उस तारीख तक प्रभावी होगा जिस दिन उसे न्यास द्वारा संशोधित किया जाए।

50. पेंशन संदेय होने की तारीख:

(1) ऐसे कर्मचारी के मामले को छोड़कर, जिनमें विनियम 41 तथा विनियम 44 के उपबंध लागू होते हैं। कुटुम्ब पेंशन को छोड़कर अन्य पेंशन प्रभावी तिथि से अथवा जो भी मामला हो, सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन से, जो भी बाद में हो, देय होगा, यदि कर्मचारी ने निधि का सदस्य बनने का विकल्प चुना हो तथा इन विनियमों के अंतर्गत नियत अवधि के भीतर बैंक की समस्त अंशदान राशि को वापिस कर दिया हो।

(2) ऐसे कर्मचारियों के मामले को छोड़कर, जिनमें विनियम 41 तथा विनियम 44 के उपबंध लागू होते हैं, कुटुम्ब पेंशन प्रभावी तिथि से अथवा कर्मचारी की मृत्यु की तारीख के अगले दिन से, जो भी बाद में हो, लागू होगा यदि मृत कर्मचारी के परिवार ने निधि के सदस्य बनने का विकल्प चुना है तथा इन विनियमों के अंतर्गत नियत अवधि में बैंक के अंशदान की समस्त राशि लौटा दी हो।

51. मुद्रा जिसमें पेंशन देय होगी:

इन विनियमों के अधीन अनुज्ञेय सभी पेंशन केवल रुपए में और भारत में संदेय होगी।

52. पेंशन संदाय की रीति:

मासिक दर पर नियत की गई पेंशन प्रतिमास आगामी मास के पहले दिन को या उसके पश्चात संदेय होगी।

53. अनुदेश जारी करने की शक्ति:

बैंक का अध्यक्ष बोर्ड के अनुमोदन से समय-समय पर इन विनियमों के कार्यान्वयन के लिए ऐसे अनुदेश जारी कर सकेगा जो वह आवश्यक या समीचीन समझे अथवा इन विनियमों के कार्यान्वयन में तेजी ला सकता है।

54. अवशिष्ट प्रावधान

इन विनियमों को लागू करने के मामले में संशय की स्थिति में ऐसे अपवादों एवं उपांतरणों के साथ जिन्हें बैंक .....प्रायोजक बैंक के रूप में तथा राष्ट्रीय बैंक केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से समय-समय पर निर्धारित करेगा,

केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए लागू केन्द्रीय सिविल सेवा नियम, 1972 अथवा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन का संराशीकरण) नियम, 1981 के संबंधित प्रावधान का अनुसरण किया जाए।

श्रीनाथ एच जोशि, अध्यक्ष

[विज्ञापन-III/4/असा./432/18]

फार्म – I

[विनियम 33(1) देखें]

मूल वेतन और अतिरिक्त पेंशन का अद्यतन

1. 1 सितम्बर, 1987 और 31 अक्टूबर, 1987 के कालावधि के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संबंध में मूल पेंशन और अतिरिक्त पेंशन के अद्यतन करने का सूत्र निम्नलिखित रूप में होगाः

(क)	(क)	पेंशन के लिए गणना योग्य औसत परिलब्धियों के प्रथम रु. 1000 का 50 प्रतिशत	रु.----------
	(ख)	अगले रु. 500 का 45 प्रतिशत	रु.----------
	(ग)	पेंशन के लिए गणना योग्य रु. 1500 से अधिक औसत परिलब्धियों का 40 प्रतिशत	रु.----------
		कुल (क+ख+ग)	रु.----------
(ख)		सेवानिवृत्ति के पहले सेवा के अंतिम मासों की औसत परिलब्धियों का 50 प्रतिशत	रु.----------
(ग)		उपर्युक्त (क) पर संगणित मूल पेंशन पर नीचे दी गई सारणी के अनुसार 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 600 सूचकांक पर महंगाई राहत	रु.----------
(घ)		कुल मूल पेंशन = (ख) + (ग) X अर्हक सेवा के वर्षों की संख्या (अधिकतम 33 वर्ष) / 33	रु.----------
(ड.)		तारीख 1.4.2018 को मूल पेंशन (अगले उच्चतर रुपये तक पूर्णांकित)	रु.----------

2. अतिरिक्त पेंशन के लिए भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना योग्य विशेष भत्तों की रकम सेवानिवृत्ति के समय आहरित विशेष भत्तों के तदनुरूपी राशि होगी।

3. 1 सितम्बर, 1987 से 31.10.1987 के कालावधि के बीच की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त हुए सभी वर्गों के कर्मचारियों के लिए 1960=1000 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में सूचकांक 600 पर निकाली गयी महंगाई राहत की दरें।

(क)	अधीनस्थ संवर्ग के कर्मचारी	:	ऊपर 1(क) पर परिकलित पेंशन का 80.40 प्रतिशत
(ख)	रु. 756/- प्रतिमास तक पेंशन आहरित करने वाले लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी	:	ऊपर 1(क) पर परिकलित पेंशन का 67 प्रतिशत।
(ग)	रु. 756/- प्रतिमास और उससे अधिक पेंशन आहरित करने वाले लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी निम्नलिखित महंगाई राहत के पात्र होंगेः		

सारणी

क्र. सं.	आहरित मूल पेंशन की रकम (रु.)		प्रतिमाह अनुज्ञेय महंगाई राहत की रकम (रु.)
(1)	(2)		(3)
1.	757-796		508.00
2.	797-804		534.00
3.	805-824		540.00
4.	825-844		553.00
5.	845-864		567.00
6.	865-884		580.00
7.	885-904		593.00
8.	905-924		607.00
9.	925-944		620.00
10.	945-964		634.00
11.	965-984		647.00
12.	985-1004		660.00
13.	1005-1024		674.00
14.	1025-1044		687.00
15.	1045-1064		701.00
16.	1065-1085		714.00
17.	1058 और उससे अधिक		727.00

(घ) अधिकारी संवर्ग के कर्मचारी निम्नलिखित रीति से महंगाई राहत के लिए पात्र होंगेः

सारणी

क्र.सं. (1)	(2)		(3)
(i)	रु. 765/- प्रतिमास तक मूल पेंशन पाने वालों के लिए	:	उपर्युक्त 1(क) के अनुसार परिकलित पेंशन की रकम का 66 प्रतिशत, किंतु अधिकतम राशि 500 रु. होगी।
(ii)	रु. 765/- से रु. 1165/- प्रतिमास तक मूल पेंशन पाने वालों के लिए	:	500/- रु.
(iii)	रु. 1165/- प्रतिमास या उससे अधिक मूल पेंशन पाने वालों के लिए	:	उपर्युक्त 1(क) के अनुसार परिकलित पेंशन की रकम का 42.90 प्रतिशत, किंतु अधिकतम राशि 715 रु. होगी।

फार्म II

[विनियम 35(1) देखें]

पेंशन पर महंगाई राहत

मूल पेंशन पर महंगाई राहत निम्नलिखित रूप में होगीः

(1) ऐसे कर्मचारियों के मामले में जो 1 सितम्बर, 1987 को या उसके पश्चात किंतु कर्मचारी संवर्ग के लिए 1 नवंबर, 1992 से पहले तथा अधिकारी संवर्ग के लिए 1 जुलाई, 1993 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं, 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 600 अंकों को ऊपर प्रत्येक अंक के लिए महंगाई राहत, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी और ऐसे प्रत्येक उक्त 4 अंक के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या कमी की संगणना नीचे दी गई रीति से की जाएगीः

सारणी

क्र. सं.	प्रति मास मूल पेंशन का मान	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर
(1)	(2)	(3)
(i)	रु. 1250 तक	0.67 प्रतिशत
(ii)	रु. 1251 से रु. 2000	रु. 1250 का 0.67 प्रतिशत और रु. 1250 से अधिक मूल पेंशन का 0.55 प्रतिशत
(iii)	रु. 2001 से रु. 2130	रु. 1250 का 0.67 प्रतिशत और रु. 2000 और रु. 1250 के बीच का अंतर का 0.55 प्रतिशत और रु. 2000 से अधिक मूल पेंशन 0.33 प्रतिशत
(iv)	रु. 2130 से अधिक	रु. 1250 का 0.67 प्रतिशत और रु. 2000 और रु. 1250 के बीच का अंतर का 0.55 प्रतिशत और रु. 2130 और रु. 2000 के बीच का अंतर का 0.33 प्रतिशत और रु. 2130 से अधिक मूल पेंशन का 0.17 प्रतिशत

(2) ऐसे कर्मचारी संवर्ग के कर्मचारियों के मामले में जो पहली नवंबर, 1992 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त हुए; और अधिकारी संवर्ग के मामले में पहली जुलाई, 2013 को या उसके पश्चात लेकिन पहली अप्रैल, 1998 से पहले सेवानिवृत्त होते हैं, 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 1148 अंकों से ऊपर प्रत्येक चार अंक की महंगाई राहत यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी। ऐसे प्रत्येक उक्त 4 अंक के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या कमी की संगणना नीचे दी गई रीति से की जाएगीः

सारणी

क्र. सं.	प्रति मास मूल पेंशन का मान	मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर
(1)	(2)	(3)
(i)	(i) रु. 2400 तक	0.35 प्रतिशत
(ii)	(ii) रु. 2401 से रु. 3850	रु. 2400 का 0.35 प्रतिशत और रु. 2400 से अधिक मूल पेंशन का 0.29 प्रतिशत
(iii)	(iii) रु. 3851 से रु. 4100	रु. 2400 का 0.35 प्रतिशत और रु. 3850 और रु. 2400 के बीच का अंतर का 0.29 प्रतिशत और रु. 3850 से अधिक मूल पेंशन 0.17 प्रतिशत

(iv)	(iv) रु. 4100 से अधिक	रु. 2400 का 0.35 प्रतिशत और रु. 3850 और रु. 2400 के बीच का अंतर का 0.29 प्रतिशत और रु. 4100 और रु. 3850 के बीच का अंतर का 0.17 प्रतिशत और रु. 4100 से अधिक मूल पेंशन का 0.09 प्रतिशत

(3) ऐसे कर्मचारियों के मामले में जो पहली अप्रैल, 1998 को या उसके पश्चात परन्तु 31 अक्टूबर, 2002 से पहले सेवानिवृत्त होते हैं, 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 1684 अंकों से ऊपर प्रत्येक चार अंक की महंगाई राहत यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी। ऐसे प्रत्येक उक्त 4 अंक के लिए महंगाई राहत में ऐसी वृद्धि या कमी की संगणना नीचे दी गई रीति से की जाएगीः

सारणी

क्र. सं.	**प्रति मास मूल पेंशन का मान**	**मूल पेंशन के प्रतिशत के रूप में महंगाई राहत की दर**
(1)	(2)	(3)
(i)	रु. 3550 तक	0.24 प्रतिशत
(ii)	रु. 3551 से रु. 5650	रु. 3550 का 0.24 प्रतिशत और रु. 3550 से अधिक मूल पेंशन का 0.20 प्रतिशत
(iii)	रु. 5651 से रु. 6010	रु. 3550 का 0.24 प्रतिशत और रु. 3550 और रु. 5650 के बीच का अंतर का 0.20 प्रतिशत और रु. 5650 से अधिक मूल पेंशन 0.12 प्रतिशत
(iv)	रु. 6010 से अधिक	रु. 3550 का 0.24 प्रतिशत और रु. 3550 और रु. 5650 के बीच का अंतर का 0.20 प्रतिशत और रु. 6010 और रु. 5650 के बीच का अंतर का 0.12 प्रतिशत और रु. 2130 से अधिक मूल पेंशन का 0.06 प्रतिशत

(4) ऐसे कर्मचारियों के मामले में जो 1 नवम्बर, 2002 को या उसके पश्चात किंतु 31 अक्टूबर, 2007 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके हैं, 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 2288 अंकों से ऊपर प्रत्येक 4 अंक के लिए महंगाई राहत, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए मूल पेंशन के 0.18 प्रतिशत की दर से संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी।

(5) ऐसे कर्मचारियों के मामले में जो 1 नवम्बर, 2007 को या उसके पश्चात किंतु 1 नवंबर, 2012 से पहले सेवानिवृत्त होते हैं, 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 2836 अंकों से ऊपर प्रत्येक 4 अंक के लिए महंगाई राहत, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए मूल पेंशन के 0.15 प्रतिशत की दर से संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी।

(6) ऐसे कर्मचारियों के मामले में जो 1 नवम्बर, 2012 को या उसके पश्चात सेवानिवृत्त होते हैं, 1960 = 100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तिमाही औसत में 4440 अंकों से ऊपर प्रत्येक 4 अंक के लिए महंगाई राहत, यथास्थिति, प्रत्येक वृद्धि के लिए मूल पेंशन के 0.10 प्रतिशत की दर से संदेय या प्रत्येक गिरावट के लिए वसूलनीय होगी।

टिप्पण:

1. महंगाई राहत पहली फरवरी से प्रारंभ होने वाली और जुलाई को समाप्त होने वाली छमाही के लिए पूर्व वर्ष 31 नवंबर और दिसम्बर माह के लिए प्रकाशित सूचकांक के तिमाही औसत के आधार पर ,बरके अक्तूऔर पहली अगस्त से प्रारंभ होने वाली और जनवरी 31को समाप्त होने वाली छमाही के लिए उसी वर्ष के अप्रैलमई और , जून मास के लिए प्रकाशित सूचकांक के तिमाहृी औसत आधार पर संदेय होगी।
2. कुटुंब पेंशन, अशक्त पेंशन के मामले में महंगाई राहत उपर्युक्त दरों के अनुसार संदेय होगी।
3. संराशीकरण के पश्चात भी पूर्ण मूल पेंशन पर महंगाई राहत की अनुमति होगी।

4. अतिरिक्त पेंशन पर महंगाई राहत संदेय नहीं है।

5. वे पेंशनभोगी जिनकी मूल पेंशन न्यूनतम पेंशन से कम है लेकिन जिनकी मूल पेंशन और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम पेंशन से अधिक है वे न्यूनतम पेंशन पर यथा लागू महंगाई राहत आहरित करेंगे।

फार्म III

[विनियम 37(1)(ग) देखें]

कुटुम्ब पेंशन की सामान्य दरें

कुटुम्ब पेंशन की सामान्य दरें निम्नलिखित होंगीः

(क) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न 1 नवम्बर, 1992 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए, अंशकालिक कर्मचारियों की बाबतः

सारणी

प्रतिमास वेतनमान (1)	मासिक कुटुम्ब पेंशन की रकम (2)
1500 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 375 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
1501 रु. से 3000 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 450 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
3000 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 600 रु. प्रतिमास से कम और 1250 रु. प्रतिमास से अधिक नहीं होगा।

(ख) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न 1 नवम्बर, 1992 को या उसके पश्चात लेकिन 1 नवम्बर, 1997 से पहले सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की बाबतः

सारणी

प्रतिमास वेतनमान (1)	मासिक कुटुम्ब पेंशन की रकम (2)
2870 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 720 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
2871 रु. से 5740 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 860 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
5740 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम 1150 रु. प्रतिमास और अधिकतम 2400 रु. प्रतिमास होगा।

(ग) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न पहली नवम्बर, 1997 को या उसके पश्चात लेकिन पहली नवम्बर, 2002 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की बाबतः

सारणी

प्रतिमास वेतनमान **(1)**	**मासिक कुटुम्ब पेंशन की रकम** **(2)**
4210 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 1056 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
4211 रु. से 8420 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 1262 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
8420 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम 1687 रु. प्रतिमास और अधिकतम 3521 रु. प्रतिमास होगा।

(घ) अंशकालिक कर्मचारियों से अलग पहली नवम्बर, 2002 को या उसके पश्चात लेकिन पहली नवम्बर, 2007 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की बाबतः

सारणी

प्रतिमास वेतनमान **(1)**	**मासिक कुटुम्ब पेंशन की रकम** **(2)**
5720 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 1435 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
5721 रु. से 11440 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 1715 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
11440 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम 2292 रु. प्रतिमास और अधिकतम 4784 रु. प्रतिमास होगा।

(ङ.) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न पहली नवम्बर, 2007 को अथवा उसके पश्चात किंतु पहली नवम्बर, 2012 से पूर्व सेवानिवृत्त हो रहे अंशकालिक कर्मचारियों की बाबतः

सारणी

प्रतिमास वेतनमान **(1)**	**मासिक कुटुम्ब पेंशन की रकम** **(2)**
7090 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 1779 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
7091 रु. से 14180 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 2186 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
14180 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 2841 रु. प्रतिमास से कम और 5930 रु. प्रतिमास से अधिक नहीं होगा।

(च) अंशकालिक कर्मचारियों से भिन्न पहली नवम्बर, 2012 को अथवा उसके पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे अंशकालिक कर्मचारियों की बाबतः

सारणी

प्रतिमास वेतनमान **(1)**	**मासिक कुटुम्ब पेंशन की रकम** **(2)**
11100 रु. तक	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 2785 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
11101 रु. से 22200 रु.	वेतन का 20 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 20 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 3422 रु. प्रतिमास से कम नहीं होगा।
22200 रु. से अधिक	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 4448 रु. प्रतिमास से कम और 9284 रु. प्रतिमास से अधिक नहीं होगा।

टिप्पण:

1. महंगाई राहत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन पर संदेय नहीं है।
2. यथापूर्वोक्त कुटुम्ब पेंशन की गणना के प्रयोजन के लिए "वेतन मान" विनियम 2 के उप खंड (न) में यथा परिभाषित "वेतन" और विनियम 33 के उप-विनियम (1) के स्पष्टीकरण में यथा परिभाषित भत्तों का योग होगा।
3. अंशकालिक कर्मचारी के मामले में कुटुम्ब पेंशन की न्यूनतम राशि और कुटुम्ब पेंशन की अधिकतम राशि कर्मचारी को मिलने वाले मज़दूरी मान की दर के अनुपात में होगी।
4. मूल कुटुम्ब पेंशन और अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन के योग के न्यूनतम पेंशन के कम होने के मामले में पेंशनभोगी को न्यूनतम कुटुम्ब पेंशन का भुगतान किया जाएगा और ऐसी न्यूनतम कुटुम्ब पेंशन पर महंगाई राहत का भुगतान किया जाएगा और न्यूनतम कुटुम्ब पेंशन के अलावा कोई अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन देय नहीं होगी।

प्ररूप IV

[विनियम 25(2) देखिए]

स्थायी अंशकालिक कर्मचारियों के अर्हक सेवा

सारणी

क्र. सं.	**एक सप्ताह में मजदूरी मान पर स्थायी अंशकालिक आधार पर की गई वास्तविक सेवा**	**पेंशन की राशि के संगणना के लिए स्थायी अंशकालिक आधार पर की गई प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए तत्स्थानी अर्हक सेवा की अवधि**
(1)	(2)	(3)
1.	छह घंटे या उससे अधिक किंतु 13 घंटे से कम	वर्ष का एक तिहाई
2.	13 घंटे से अधिक किन्तु 19 घंटे से कम	वर्ष का आधा
3.	19 घंटे से अधिक किन्तु 29 घंटे तक	वर्ष का तीन चौथाई
4.	29 घंटे से अधिक	एक वर्ष

प्ररूप V

[विनियम **37(**1**)(**ग**)**देखें]

मूल कुटुंब पेंशन और अतिरिक्त परिवार पेंशन की संगणना

कर्मचारी जो 1 सितम्बर, 1987 तक या बाद में बैंक की सेवा में थे और 31 अक्तूबर, 1987 तक या पहले तक सेवा देते हुये उसकी मृत्यु हुई थी या 31 अक्तूबर, 1987 को या पहले सेवानिवृत्त हुए परंतु मृत्यु हो गई थी, के संबंध में मूल कुटुंब पेंशन और अतिरिक्त कुटुंब पेशन का संगणना का सूत्र निम्नलिखित होगा:-

(1) मूल कुटुंब पेंशन:

(क) मृत्यु/सेवानिवृत्ति के समय मृत कर्मचारी द्वारा आहरित वेतन **रुपये** _____

(ख) नीचे दी गई सारणी के अनुसार साधारण दरों पर मूल कुटुंब पेंशन **रुपये** _____

(ग) उपर्युक्त (ख) में परिकलित मूल कुटुंब पेंशन पर परिशिष्ट-I में दी गई सारणी-1 के अनुसार 1960=100 श्रृंखला में औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 600 सूचकांक पर मंहगाई राहत **रुपये** _____

(घ) अद्यतन मूल कुटुंब पेंशन अर्थात (ख) + (ग) **रुपये** _____

(ङ) उपर्युक्त (घ) के अनुसार अद्यतन मूल कुटुंब पेंशन (अगले उच्चतर रुपये में पूर्णांकित करना) **रुपये** _____

(च) उपर्युक्त (घ) के मामले में नया आधार कुटुंब पेशन का डेढ़ गुना या दोगुना मूल कुटुम्ब पेंशन (अगले उच्चतर रुपये तक पूर्णांकित) **रुपये** _____

(2) अतिरिक्त कुटुंब पेंशन :

सेवानिवृत्ति या मृत्यु के पहले विशेष भत्ते के अनुरूप 10 अप्रैल, 1989 का द्विपक्षीय समझौता या सेवा विनियमों के शर्तों के अनुरूप भविष्य निधि में किये गये अनुदानों की राशि की मात्रा को विशेष भत्ता अतिरिक्त कुटुंब पेंशन के उद्देश्य के लिए माना जाएगा।

(3) कुटुंब पेंशन की सामान्य दरें निम्नलिखित होंगी:

सारणी

वेतन श्रृंखला	**कुटुंब पेंशन की राशि**
(1)	(2)
664 रुपये से कम	वेतन का 30 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 30 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 100 रु. से कम नहीं होगा और 166 रुपए से अधिक नहीं होगा।
664 रुपये से अधिक लेकिन 1992 रुपये से कम	वेतन का 15 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 15 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग 166 रु. से कम नहीं होगा और 266 रुपए से अधिक नहीं होगा।
1992 रुपये से और उससे अधिक	वेतन का 12 प्रतिशत मूल कुटुम्ब पेंशन होगी और ऐसे भत्तों का, जिनकी भविष्य निधि में अंशदान करने के लिए गणना की जाती है किन्तु महंगाई भत्ते के लिए गणना नहीं की जाती है, 12 प्रतिशत अतिरिक्त कुटुम्ब पेंशन होगी। मूल और अतिरिक्त पेंशन का योग न्यूनतम 266 रु. प्रतिमाह और अधिकतम 415 रु. प्रतिमाह होगा।

टिप्पण:

1. अतिरिक्त कुटुंब पेंशन में मंहगाई राहत देय नहीं होती है।
2. जिस मामले में अद्यतित मूल कुटुंब पेंशन तथा अद्यतित अतिरिक्त कुटुंब पेंशन का योग 375 रुपये से कम होता है पेंशनभोगी को 375 रुपये की पेंशन और उस पर मंहगाई राहत का भुगतान किया जायेगा तथा इस मामले में कोई अद्यतित अतिरिक्त कुटुंब पेंशन देय नहीं होगी।

प्ररूप VI

[विनियम 39 (9)देखें]

बैंक का नाम : **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक**

बिना चिकित्सा जांच के पेंशन के सरांशीकरण हेतु आवेदन

(सेवानिवृत्ति के एक वर्ष के भीतर प्रस्तुत किया जाना होगा)

सेवा में

पदनामित प्राधिकारी

पासपोर्ट आकार की अनुप्रमाणित फोटो चिपकाने हेतु स्थान

महोदय,

मैं बैंक की सेवा से तारीख ---------- को सेवानिवृत्त हुआ/हो जाऊंगा। मैं **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2018 के अनुरूप अपनी पेंशन के ---------- अंश के संराशीकरण हेतु इच्छुक हूं। आवश्यक विवरण नीचे दिए गए हैं:

पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) : _____

सेवानिवृत्ति के समय

पदनाम : _____

कार्यालय/विभाग का नाम जिससे

सेवानिवृत्त हुए : _____

जन्म की तारीख (बैंक के सेवा
अभिलेख के अनुसार) : _____

सेवानिवृत्ति की तारीख : _____

पेंशन की श्रेणी : _____

पेंशन का वह भाग जिसका
सरांशीरकण प्रस्तावित है जोकि
जोकि पेंशन के 1/3 से अधिक
नहीं होगा : _____

_____
हस्ताक्षर

स्थान : पता: ----------

अभिस्वीकृति

श्री/श्रीमती/कुमारी _____ से पेंशन के सरांशीकरण हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।

पूर्व पदनाम

स्थान :

तारीख : _____
(पदनामित प्राधिकारी के हस्ताक्षर)

प्ररूप **VII**

[विनियम 39 (9) देखें]

बैंक का नाम: **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक**

चिकित्सा जांच के अध्यधीन पेंशन के सरांशीकरण हेतु आवेदन

(दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जाए)

भाग – I

पासपोर्ट आकार की अनुप्रमाणित फोटो चिपकाने हेतु स्थान

सेवा में

पदनामित प्राधिकारी

महोदय,

प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2018 के अनुरूप अपनी पेंशन के ---------- अंश के संराशीकरण हेतु इच्छुक हूं। मेरे फोटो की एक अनुप्रमाणित प्रति आवेदन पर चिपकी हुई है और एक अनुप्रमाणित प्रति संलगन है। आवश्यक विवरण नीचे दिए गए हैं:

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) : _____
2. सेवानिवृत्ति के समय पदनाम : _____
3. कार्यालय/विभाग का नाम जिससे सेवानिवृत्त हुए : _____
4. जन्म की तारीख (बैंक के सेवा अभिलेख के अनुसार) : _____
5. सेवानिवृत्ति की तारीख : _____
6. पेंशन की श्रेणी : _____
7. पेंशन का वह भाग जिसका सरांशीरकण प्रस्तावित है जोकि जोकि पेंशन के 1/3 से अधिक नहीं होगा : _____
8. उस स्थान की वरीयता (पसंद) जहां पर चिकित्सा जांच कराने के इच्छुक हैं : _____

स्थान :

तारीख : _____

हस्ताक्षर

पता : ----------

<u>अभिस्वीकृति</u>

श्री/श्रीमती/कुमारी _____ से पेंशन के सरांशीकरण हेतु आवेदन प्राप्त हुआ।

(पूर्व पदनाम)

स्थान :

तारीख : _____

(पदनामित प्राधिकारी के हस्ताक्षर)

प्ररूप **VII - भाग – II**

(पदनामित प्राधिकारी द्वारा पूरा किया जाना है)

1. आवेदक का नाम : _____

2. जन्म की तारीख (बैंक के सेवा अभिलेख के अनुसार) : _____

3. सेवानिवृत्ति की तारीख : _____

4. पेंशन की श्रेणी : _____

5. **पेंशन की राशि** : _____

6. **पेंशन की राशि जिसके सरांशीकरण हेतु इच्छुक** : _____

के आधार पर

_____

	जोड़े गए वर्ष	
सामान्य आयु	**1 वर्ष**	**2 वर्ष**
_____	_____	_____
रुपये	**रुपये**	**रुपये**
_____	_____	_____

7.(i) **आवेदक के अगले जन्मदिन जोकि तारीख _____ को पड़ता है से पूर्व सरांशीकरण पूरी हो जाने पर देय राशि** : _____

(ii) **आवेदक के अगले जन्मदिन जोकि तारीख _____ को पड़ता है के पश्चात सरांशीकरण पूरी हो जाने पर देय राशि** : _____

8. **संलग्नकों, यदि कोई हो, की संख्या (कृपया नीचे टिप्पण देखें)**

स्थान :

तारीख :

_____

(पदनामित प्राधिकारी के हस्ताक्षर)

टिप्पण: यदि आवेदक को अमान्य पेंशन प्रदान की गयी है या उसने पूर्व में अपनी पेंशन के अंश का सरांशीकरण करवाया है या वास्तविक आयु में वर्षों के जुड़ने के आधार पर सरांशीकरण को स्वीकार करने की मनाही की है या उसे चिकित्सा आधार पर मनाही (सरांशीकरण) की गयी है तो पदनामित प्राधिकारी को फॉर्म के साथ आवेदक के मामले की प्राप्ति या विवरणी की प्रतिलिपि संलग्न करनी चाहिए।

प्ररूप VII - भाग – II (जारी)

श्री/श्रीमती/कु._____

_____ **को**

प्रतिलिपि अग्रेषित

(पूरा डाक पता दें)

बैंक के चिकित्सा अधिकारी की सिफारिश के अध्याधीन, वह नामित प्राधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर पेंशन की राशि के बदले एकमुश्त भुगतान के लिए पात्र होंगे:-

के आधार पर

_____

जोड़ा गया वर्ष

सामान्य आयु ----------

1 वर्ष **2 वर्ष**

_____ _____ _____

रु. **रु.** **रु.**

_____ _____ _____

(i) संदेय राशि यदि संराशीकरण आवेदक के अगले जन्मदिन,

जो कि _____ को पड़ता है, से पूर्व पूरा हो जाता है : _____

(ii) संदेय राशि यदि संराशीकरण आवेदक के अगले जन्मदिन,

जो कि _____ को पड़ता है, के पश्चात पूरा होता है : _____

टिप्पण: वर्तमान मूल्य की तालिका जिसके आधार पर नामित प्राधिकारी द्वारा गणना की जाती है, किसी भी समय सूचना के बिना परिवर्तन के अधीन है और इसके परिणामस्वरूप यह आधार भुगतान करने से पूर्व संशोधन के लिए उत्तरदायी है और देय राशि संराशीकरण पूरा होने की तारीख के पश्चात आवेदक के जन्मदिन की आयु के लिए उपयुक्त राशि होगी या यदि चिकित्सा अधिकारी निर्देश देता है कि उस उम्र में उस वर्ष को जोड़ा जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप आयु माना जाता है।

अभिस्वीकृति

श्री/श्रीमती/कु. _____ को _____ अपराह्न और _____ पूर्वाह्न के बीच बैंक के डिस्पेंसरी में बैंक के चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सकीय जांच के लिए रिपोर्ट करना चाहिए। उन्हें अपने साथ हस्ताक्षर या अंगूठे की छाप को छोड़कर भाग-1 में आवश्यक विवरणों के साथ पूरा करके उसे संलग्न प्ररूप सं. VIII के साथ ले जाना चाहिए।

स्थान :

तारीख :

_____

(नामित प्राधिकारी के हस्ताक्षर)

प्ररूप VII - भाग III

बैंक का नाम : **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक**

(चिकित्सकीय जांच के लिए पेंशनभोगी को निर्दिष्ट
करते हुए बैंक के चिकित्सा अधिकारी को मसौदा पत्र)

संदर्भ सं.:

तारीख :

सेवा में

डॉ. _____

(बैंक के चिकित्सा अधिकारी)

महोदय/महोदया,

चिकित्सकीय जांच – पेंशन का संराशीकरण

श्री/श्रीमती/कु.———————————————— जो सेवा से ———————————— — को ———————————— (पदनाम) के रूप में सेवानिवृत्त हुए, ने एकमुश्त भुगतान के लिए अपनी पेंशन के एक अंश को संराशीत करने के लिए आवेदन किया है। निम्नलिखित दस्तावेज इसके साथ अग्रेषित किए गए हैं।

(क) मूल रूप में प्ररूप सं. VII में आवेदन।

(ख)* आवेदक के मामले की रिपोर्ट या विवरण यदि उसे अमान्य पेंशन स्वीकृत की गई है या उसने अपनी पेंशन के एक अंश को पूर्व में संराशीकरण किया है या अपनी वास्तविक उम्र में वर्षों के अतिरिक्त के आधार पर संराशीकरण को स्वीकार करने से मना कर दिया है या चिकित्सकीय आधार पर संराशीकरण से इंकार कर दिया गया है।

विनियम के संदर्भ में **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक** (कर्मचारी) पेंशन विनियम, 2018 (पेंशन का संराशीकरण), श्री/श्रीमती/कु. _____ की बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की जानी चाहिए। यह अनुरोध किया जाता है कि श्रीमान/श्रीमती/कु. _____ _____ की चिकित्सकीय जांच के संबंध में यथा संभव हो सके तो चार सप्ताह के भीतर जांच किए जाने की व्यवस्था की जाए।

इस पत्र की एक प्रति उनके लिए पृष्ठांकित की जा रही है जिससे कि वह जल्द से जल्द चिकित्सकीय जांच के लिए उपस्थित हो सकें।

कृपया इस पत्र की अभिस्वीकृति स्वीकार की जाए।

भवदीय,

(नामित प्राधिकरण)

*जो भी लागू न हो उसे काट दें।

प्ररूप VIII

[विनियम 39(9) देखें]

भाग I

बैंक का नाम **प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक**

सत्यापित पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ चिपकाने के लिए स्थान

बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सकीय

जांच करने के लिए पेंशनभोगी द्वारा घोषणा।

आवेदक को बैंक के चिकित्सा अधिकारी उसकी जांच करने से पूर्व इस घोषणा को पूरा करने होगा और बैंक के चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में इस घोषणा पर हस्ताक्षर करना होगा।

1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)
2. जन्म की तारीख (बैंक के सेवा अभिलेखों के अनुसार)
3. माता-पिता के बारे में विवरणः

